


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-258 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कुवैत के शासक के निधन पर छत्तीसगढ़ में राजकीय शोक

रायपुर 17 दिसम्बर 2023। छत्तीसगढ़ में राजकीय शोक का ऐलान किया गया है। कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह के निधन पर केंद्र सरकार ने शोक की घोषणा की है। इससे पहले शनिवार (16 दिसंबर) को मोदी ने शोक जताया था। पीएम मोदी ने कहा कि शेख नवाफ के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ. हम शाही परिवार और कुवैत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने रविवार (17 दिसंबर) को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है. इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा. गृह मंत्रालय ने कहा कि अमीर शेक के सम्मान में भारत सरकार ने फैसला किया है कि 17 दिसंबर को एक दिन का शोक होगा। पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है। इस दौरान मनोरंजन का कोई काम नहीं होगा।

### शराब का ठेका बंद कराने के मामले में विधायक दोषी

नई दिल्ली। शराब का ठेका बंद कराने के मामले में बीजेपी विधायक जितेंद्र महाजन को दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट में उनको दी जाने वाली सजा पर बहस अब 21 दिसंबर को होगी। ये मामला नवंबर 2021 का है। दरअसल, राउज एवन्यू कोर्ट ने जितेंद्र महाजन को तत्कालीन पार्षद कुसुमलता और धमवीर नागर को अवैध रूप से बंधक बनाने की धाराओं में दोषी पाया है। विधायक जितेंद्र महाजन आईपीसी की धारा 341/342 के तहत दोषी करार दिए गए हैं. इस जुर्म में भाजपा विधायक को अधिकतम 1 वर्ष कैद की सजा हो सकती है।

### छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 1 मार्च से

रायपुर। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से संभावित है। समय सारिणी तैयार करने में माशिमं जुटा है। मुख्य परीक्षा से पहले जनवरी में प्रैक्टिकल परीक्षाएं होंगी। मुख्य परीक्षा के लिए 5 लाख 97 हजार से अधिक नियमित विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है।

# अनुच्छेद -370 की वापसी कराने की ताकत ब्रह्मांड में किसी के पास नहीं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली,17 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला है। एक अखबार को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्टिकल 370 की वापसी ब्रह्मांड की कोई भी ताकत नहीं करवा सकती। सुप्रीम कोर्ट का जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर आए फैसले की बात प्रधानमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी इस बात पर मोहर लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट से साफ कर चुका है कि एक देश में दो कानून नहीं चलाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाना किसी राजनीतिक से ज्यादा जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास और जम्मू कश्मीर की जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए वहां से अनुच्छेद 370 को हटाना हम और महत्वपूर्ण कदम था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुछ परिवारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जम्मू को मुट्ठी में बंद कर लिया था। मगर जम्मू कश्मीर की जनता और जम्मू कश्मीर किसी राजनीति का हिस्सा नहीं है और ना ही बनना चाहता है। आज के समय में जम्मू कश्मीर की जनता अपनी पुरानी परेशानियों से बाहर निकाल कर देश के आम नागरिक की तरह बिना भेदभाव के जीवन जीना चाहती है और अपने बच्चों की भविष्य को सुरक्षित करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 जब से जम्मू कश्मीर से जाता है उसके बाद से जम्मू कश्मीर और लद्दाख की तस्वीर एकदम अलग हो चुकी है। आज जम्मू कश्मीर में सिनेमा हॉल चलाए जा रहे हैं जिसे जनता को एंटरटेनमेंट का एक नए साधन मिला है। पूरे क्षेत्र में टेररिस्ट की जगह टूरिस्ट का मेला लगने लगा है। जम्मू कश्मीर का इलाका उन क्षेत्रों में तब्दील हो चुका है जहां फिल्मों की शूटिंग हो रही है और अब उस इलाके में पत्थरबाजी की घटनाएं देखने को नहीं मिलती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण पूरे इलाके में भ्रम फैलाने वालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए अनुच्छेद 370 को लेकर लोगों में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।




## डायमंड बोर्स बिल्डिंग का उद्घाटन

सूरत,17 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का उद्घाटन कर दिया है। ये बिल्डिंग अपने आप में बेहद खास है क्योंकि यह सबसे बड़ी इंटरकनेक्ट और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन की ऑफिस से भी काफी बड़ी बिल्डिंग है। इस सूरत डायमंड बस में 4500 से अधिक ऑफिस बनाए गए हैं। इसका उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और उसके बाद रोड शो भी किया।



# रमन सिंह निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल व नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत बने प्रस्तावक

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,17 दिसंबर। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह का निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष बनना तय है। उन्होंने आज अपना नामांकन दाखिल किया। रमन सिंह के अलावा किसी और ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज को विधानसभा अध्यक्ष के लिए पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह का नाम प्रस्तावित किया. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह निविरोध स्पीकर चुने जाएंगे. भूपेश बघेल ने इसके लिए रमन सिंह को बधाई दी. वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि हम कोई प्रत्याशी नहीं उतारेंगे.

नामांकन दाखिल किए जाने को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मैं डॉक्टर चरणदास महंत को बधाई दूंगा कि वह कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष चुने गए, कांग्रेस विधायक दल के नेता बने हैं. उनका विधानसभा और लोकसभा में बहुत लंबा अनुभव रहा है. गृह मंत्री के रूप में भी विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भी, मध्य प्रदेश के समय मंत्री के रूप में भी उनका बेहद ही सुदीर्घ अनुभव है. उसका लाभ हमें निश्चित रूप से मिलेगा. विपक्ष उनके नेतृत्व में जो जनता के मुद्दे हैं उसको सदन में लेकर आएंगे. आज डॉक्टर रमन सिंह ने नामांकन दाखिल किया. कुछ प्रक्रिया बची है, डॉ रमन अध्यक्ष चुने जाएंगे. अध्यक्ष सर्व सहमति से चुना जाता है. वह प्रक्रिया पूरी हो गई है. डॉ. रमन सिंह को भी बधाई.नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा कि मैं अपने हाई कमान के जितने भी नेता हैं, उनका धन्यवाद देता हूं. साथ ही मैं अपने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहयोग से मुझे नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने का मौका दिया गया, इसके लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं. हम सब मिलकर काम करेंगे. आम जनता की लड़ाई सदन में लेकर आएंगे. सड़क से सदन तक हम आम आदमी के साथ हैं, किसानों के साथ हैं. जब तक सदन की कार्यवाही चलेगी तब तक आपको कभी नहीं यह लगेगा कि विपक्ष कमजोर है. पूरी ईमानदारी के साथ जनता के मुद्दों को लेकर आएंगे.

### मंत्रिमंडल के गठन पर महंत का तंज

मंत्रिमंडल के गठन को लेकर महंत ने तंज कसते हुए कहा कि यह तो केवल तीन दिन का है, पता नहीं इनके मंत्री बन पाएंगे या नहीं बन पाएंगे. यह तो सत्र केवल शपथ में ही जाएगा. डॉक्टर रमन सिंह जब अध्यक्ष चुने जाएंगे तब जाकर पूरी प्रक्रिया शुरू होगी. 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर महंत ने कहा कि हमारे लिए 2024 में कोई चुनौती नहीं है.

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 से

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के बाद तीन दिवसीय विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है. यह शीतकालीन सत्र 19, 20 और 21 दिसंबर तक चलेगा. वहीं सरकार पहले सत्र में 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी. यह अनुपूरक बजट 3 योजनाओं के लिए पेश होगा. शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश करेंगे. जिसमें किसानों के 2 साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपये, पीएम आवास योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपये, महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ का अनुपूरक बजट होगा.

### नक्सलियों से मुठभेड़ में एसआई शहीद

सुकमा,17 दिसंबर। थाना जगरगुंडा अंतर्गत कैंप बेदरे से आज सुबह 7 बजे सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकले थे।

ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये।



# एक्सप्लोसिव कंपनी में ब्लास्ट,10 की मौत

नागपुर,17 दिसंबर। नागपुर में सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में जबरदस्त ब्लास्ट हुआ है। घटना रविवार को हुई है जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई है। सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में यह धमाका पैकिंग के दौरान हुआ है।

माना जा रहा है कि ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी एसपी नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार ने साझा की है। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है। माना जा रहा है कि हादसा रविवार की सुबह नौ बजे के समय हुआ जब एक्सप्लोसिव को पैक किए जाने का काम किया जा रहा था। चश्मदीदों की माने तो ब्लास्ट बहुत तेज था और इस ब्लास्ट में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्लास्ट में अब तक सात लोगों की मौत की खबर है और तीन लोग घायल है।

उन्होंने बताया कि जब धमाका सुबह हुआ तो उस समय यूनिट में कुल 12 कमर्चारी उपस्थित ते। विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ है। अब तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि ब्लास्ट क्यों हुआ था और इसका कारण क्या था।

# नेताम ने छत्तीसगढ़ी में ली प्रोटेम स्पीकर की शपथ

## कहा- हम सब छत्तीसगढ़ी माता की सेवा के लिए आएं हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राम विचार नेताम ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली. इसके साथ समारोह में छत्तीसगढ़ का राजगीत 'अरपा पैरी के धार' भी बजाया गया. इसके साथ ही नई सरकार के गठन पर राजगीत के नहीं बजने और छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ग्रहण को लेकर की जा रही शिकवें-शिकायतें भी दूर हो गई. शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रोटेम स्पीकर ने राम विचार नेताम ने कहा कि प्रदेश की जनता को ये उम्मीद थी कि छत्तीसगढ़ी में प्रोटेम स्पीकर को शपथ लेना चाहिए, इसलिए छत्तीसगढ़ी में लिया, छत्तीसगढ़ी माता की सेवा करने के लिए हम सब आए हैं, स्वाभाविक है सब की



भावनाओं का भी सम्मान हो.

छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच के संयोजक नंदकिशोर शुक्ल ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ लेने का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी छत्तीसगढ़ राज्य की राजभाषा और हमारी महतारी भाषा है. हम छत्तीसगढ़ियों की पहचान छत्तीसगढ़ी से है. यह हमारी महतारी अस्मिता से जुड़ा है. मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में यह नहीं हो पाया था. लेकिन अब हमें पूरा भरोसा है कि विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी विधायक और मंत्री छत्तीसगढ़ी में शपथ लेंगे. नंदकिशोर शुक्ल ने इसके साथ राजगीत को लेकर कहा कि आज राजभवन में बजा है. मुख्यमंत्री शपथ समारोह में भूलवश नहीं बज पाया था. जिसे आज राजभवन की ओर से सुधार लिया गया. राजगीत छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना गीत है. और इसे हर सरकारी आयोजन में बजाना अनिवार्य किया गया है. मैं अपनी ओर से और मंच के जरिये इस पहल के लिए राजभवन और राज्य सरकार को बधाई देता हूं. साथ ही धन्यवाद भी ज्ञापित करता हूं.

# 18 दिसंबर को क्राउड फंडिंग अभियान

रायपुर,17 दिसंबर। कांग्रेस पार्टी चंदा जुटाने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस अभियान का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। 18 दिसंबर को कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिल्ली से इसकी शुरुआत की जाएगी। इस आशय की जानकारी कांग्रेस के प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन ने दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी देशवासियों से 138 रुपये के गुणक (जैसे, 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये, या अधिक) दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके। कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह अभियान मुख्य रूप से कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन होगा, जिसके बाद यह अभियान जमीनी अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जाएंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपये का अंशदान सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पार्टी के राज्य स्तर के पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश अध्यक्षों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों को कम से कम 1,380 रुपये का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जो लोग आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, उन्हें भारतीय नागरिक होना चाहिए और उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। दानदाताओं को दान प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को नागपुर में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री पद के खिलाफ हाईकोर्ट में पीआईएल

जयपुर,17 दिसंबर। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने तीन राज्यों में जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ के साथ ही बीजेपी ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी दो डिप्टि सीएम बनाया है। राजस्थान में भाजपा ने दीया कुमारी के साथ ही प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया है। जिसके खिलाफ जयपुर के एक वकील ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में वकील ने कहा है कि भारत के संविधान में डिप्टी सीएम के किसी पद का उल्लेख नहीं है। यह भारत के संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। संविधान में उपमुख्यमंत्री जैसा कोई पद नहीं है। यह एक राजनीतिक पोस्ट है और यह असंवैधानिक है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में हाईकोर्ट से दोनों उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है। वकील ने अपनी याचिका में आगे कहा कि भारत के संविधान में कहीं भी डिप्टी सीएम का कोई पद नहीं है और न ही इस पद पर नियुक्ति का कोई प्रावधान है। संविधान के अनुच्छेद 163 और 164 के तहत राज्यपाल की मंत्रिपरिषद की नियुक्ति मुख्यमंत्री की सिफारिश पर ही की जाती है। अनुच्छेद 163 के तहत ही शपथ ली जाती है और इसमें राज्यपाल एक मुख्यमंत्री और उसके मंत्रियों को शपथ दिलाते हैं।



# हम 'जल, थल, नभ और पाताल' में भी अपने लोगों की रक्षा में सक्षम: त्रिवेदी

श्रावस्ती (उप्र),17 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ताएवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यहां कहा कि देश जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, हमारा देश सीमा पार आतंकवादियों को मार कर देश को सुरक्षित करता है तो देश के अंदर सुरंग में फंसे अपने 41 नागरिकों को भी सुरक्षित बचा कर लाता है।

त्रिवेदी ने सिलक्यारा सुरंग से सकुशल वापस लौटे श्रावस्ती जिला निवासी छह श्रमिकों तथा उनके बचाव में लगाये गये राज्य समन्वयक को उनके साहस के लिए शनिवार को यहां सम्मानित किया। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल के तहत आयोजित चौपाल के मुख्य अतिथि के तौर पर त्रिवेदी शनिवार को जिले में नेपाल सीमा से सटे सिरसिया क्षेत्र के बभनी गांव पहुंचे थे। त्रिवेदी ने इस अवसर पर कहा, अब हम जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा में सक्षम हैं। हमारा देश सीमा पार आतंकवादियों को मार कर देश को सुरक्षित करता है और देश के अंदर सुरंग में फंसे अपने 41 नागरिकों को भी सुरक्षित बचा कर लाता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बन रही



सिलक्यारा सुरंग में काम कर रहे 41 मजदूर बीते माह सुरंग धंसने से मलबे के पीछे फंस गये थे। इन 41 में से छह श्रमिक सत्यदेव, अंकित, राम मिलन, संतोष, जय प्रकाश व रामसुंदर श्रावस्ती के मोतीपुर कलां गांव के हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने सफल राहत व बचाव अभियान चलाकर सभी 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला था। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तरकाशी भेजे गये राज्य समन्वयक अरुण मिश्र ने राज्य के सभी मजदूरों और उनके परिवारों के बीच समन्वय स्थापित किया और उन्हें हिम्मत बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

त्रिवेदी ने कार्यक्रम में स्थानीय जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक राम फेरन पांडेय, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं चेक आदि वितरित किए। पत्रकारों ने भाजपा नेता से सवाल किया कि विपक्ष संसद की सुरक्षा में हाल में हुई चूक को बेरोजगारी से जोड़ रहा है, ऐसे में उनकी क्या प्रतिक्रिया है। त्रिवेदी ने इसके जवाब में कहा, देश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा, सवाल पूछने वाले नेता बताएं कि बेरोजगारी कहां है उन्होंने कहा कि संसद की घटना पर बेरोजगारी की आड़ में राजनीति चमकाने की कोशिश की जा रही है और यह एक संवेदनशील मुद्दा है जिस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला,2 की मौत

भिलाई,17 दिसंबर। रसमड़ा और सिलोदा मार्ग पर एक ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया ट्रक चालक एक समेत फरार हो गया राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची दोनों शव को जिला मॉच्र्युरी पहुंचाया। सत्ताहभर पहले दोनों युवक अपने पिता से मिलने उत्तर प्रदेश से आए थे अंजोरा चौकी प्रभारी राम नारायण ध्रुव ने बताया कि घटना शनिवार शाम करीब 4 बजे की है। उत्तर प्रदेश निवासी अभिषेक वर्मा पिता राजा वर्मा और सचिन वर्मा पिता मोतीलाल वर्मा बाइक पर सवार होकर रसमड़ा से सिलोदा की ओर जा रहे थे बीएसएनएल टावर के पास विपरीत दिशा से लापरवाही पूर्वकतेज रफ्तार से ट्रक आया और बाइक को ठोकर मार दिया। इस ठोकर से दोनों सड़क पर गिरे और एक का पहिया दोनों के सिर से गुजर गया। दोनों की खोपड़ी चकना दूर हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। पहचान करने के लायक नहीं थे। दोनों के शव को मॉटर्युरी भेजा गया। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है सिलोदा फैक्ट्री में पिता करते हैं काम चौकी प्रभारी ने बताया कि अभिषेक और सचिन दोनों चचेरा भाई हैं अनिषेक के पिता राजा वर्मा सिलोदा कंपनी में नौकरी करते हैं दोनों भाई यूपी से पिता से मिलने के लिए आए थे सप्ताह भर से अपने पिता के साथ रहते थे

## एक नजर

### भागवत कथा का मूलमंत्र है सदाचारः संत निरजंन



**रिसाली 17 दिसंबर।** हिन्द नगर रिसाली में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के छठवे दिन की कथा सुनाते हुए प निरजंन महाराज (लिमतरावाले ) ने कहा की भागवत कथा का मूलमंत्र सदाचार है।जो इसे अपना लेता है, उसे समाज भी सम्मानित करता है। ऐसे व्यक्ति से भगवन भी प्रेम करते हैं। महाभारत के अनुसार, जब सम्राट परीक्षित (अर्जुन के पोते) को सांप के काटने से 7 दिनों में मरने का श्राप मिला था, तो उन्हें पश्चाताप हुआ और उन्होंने हस्तिनापुर के सिंहासन को त्यागने और भगवान की प्राप्ति के लिए जंगल में जाने का फैसला किया था।

### अनाचार कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई 17 दिसंबर।** अनाचार कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376,506 के तहत जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि घनश्याम वर्मा नामक व्यक्ति सुदखोरी का कारोबार करता है महिला को घनश्याम मयूर हाइट्स बोरसी अपने वाहन में बिठाकर अपने वाहन में लेकर गया महिला को पानी में नशीली दवा मिलाकर जबरन अनाचार किया घटना की शिकायत पुलिस में होने के बाद आरोपी को घनश्याम वर्मा को गिरफ्तार किया।

### कलेक्टर ने प्रशासक का कार्यभार ग्रहण किया

**राजनांदगांव 17 दिसम्बर ।** कार्यालय पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर श्री डोमन सिंह को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का प्रशासक नियुक्त किया गया है। आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज 16 दिसम्बर 2023 को प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उनके द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुधीर सोनी से बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहे धान खरीदी की समीक्षा की एवं उपार्जन केन्द्रों से धान के शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिए।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का कवर्धा में ऐतिहासिक स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 17 दिसंबर।** विधानसभा के हाट सीट से भारी मतों से चुनाव जीतकर विधायक बने विजय शर्मा का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कवर्धा आगमन पर क्षेत्र की जनता ने हजारों की संख्यां में पहुँचकर अपने नेता का स्वागत किया ।विजय शर्मा जमीन में काम करने वाले गरीब किसान,युवाओं के बीच काम करने वाले नेता के रूप में जाने जाते है । लगातार 15-20 वर्ष राजनीति में संघर्ष और सेवा कर पहली बार विधायक बनते ही उप मुख्यमंत्री बनना समर्थकों का उत्साह दो गुना कर दिया है ।

विजय शर्मा के उपमुख्यमंत्री बनने से पूरा कवर्धावासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है ।

प्रथम कवर्धा आगमन पर ऐतिहासिक विजय आभार रैली का आयोजन किया गया । कवर्धा में कई अवसर आये जब बड़ी बड़ी उपलब्धियों को कवर्धा ने छुवा पर पहले कभी ऐसा जनसमर्थन देखने को नही मिला जितना इस समय देखने को मिला । स्वस्फूर्त हजारों की संख्या में पहुँचकर लोगो ने रैली को ऐतिहासिक बना दिया । जिले में प्रवेश करते है ओड़िया,दसरंगपुर, धरमपुरा,बिरकोन,रानी सागर ,सहित अनेको ग्रामों में भी विजय शर्मा का नागरिकों ने भव्य स्वागत किया । कवर्धा शहर में स्थानीय ठाकुरदेव



चौक में लड्डू से विजय शर्मा को तौला गया । ठाकुर देव चौक से विजय रैली मेन रोड होते हुए गाँधी मैदान में आयोजित आभार सभा के बाद रैली का समापन किया गया । इस दौरान जगह जगह उनके समर्थक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंच सजा कर कवर्धा को भगवामय कर दिया था । बैनर फ्लैक्स पोस्टर से शहर आच्छादित है । नगर में लोगो ने छतों से फूल बरसाकर भी स्वागत किया ।विजय रैली में धुमाल, डीजे,पारम्परिक गड़वाबाजा ,पंथी,बैगा निर्त्य, डंडा नाच के साथ थिरकते रहे समर्थक । जगह जगह समाज के लोगो ने स्टाल लगाकर अपने अपने तरीके से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत किया । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयो ने ठाकुरदेव चौक में स्वागत किया क्रमशः साहू समाज,सिख समाज,ब्राह्मण समाज,सकल जैन समाज,जिला प्रेस कल्ब, हरीतिमा ग्रुप,कवर्धा जंक्शन शोसल ग्रुप,यूथ क्लब,ट्रांसपोर्टर संघ ,व्यापारिक संगठन,मित्र मंडली ग्रुप,सहित दर्जनों संगठनों ने विजय शर्मा का ऐतिहासिक स्वागत किया । कवर्धा जंक्शन ग्रुप के तरफ से संगीत मय आयोजन किया गया था ।

आभार सभा मे विजय शर्मा ने इस जीत का श्रेय जनता को दिया उन्होंने कहा आपका प्रेम ,स्नेह और आशीर्वाद से यहाँ तक पहुँचा हूँ भविष्य में ऐसा ही आपका आशीर्वाद मिलता रहेगा ऐसी आशा है । उन्होंने कहा शीश नवकार जनता का हृदय से आभार । विजय आभार रैली में भारतीय जनता पार्टी सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ,मंडल के अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । नगर के सभी प्रबुद्धजन,वरिष्ठ नागरिक गण, पत्रकार गण व जिले भर से आये लोगों ने रैली को भव्य बना दिया ।

# दीपशिखा स्कूल की वार्षिक खेलकूद स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 17 दिसंबर।** दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह, उतई में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग कोच जिनके मार्गदर्शन से खेल ग्राम पुरई से तीन विद्यार्थियों ने गोल्डन बुक में अपना नाम दर्ज कराए । ऐसे शख्स ओम ओझा एवं विशेष अतिथि के रूप में पालक शिक्षक समिति की सदस्या श्रीमती टोमिन साहू थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मशाल जलाकर तथा ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्काउट गाइड एवं विद्यालय की चारों हाउस के विद्यार्थियों में मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। मुख्य अतिथि ओम ओझा ने अपने विद्यालयीन समय को याद करते हुए कहा कि विद्यालय में खेल के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन एवं सर्व सुविधा युक्त खेल वातावरण उपलब्ध हो गया है जिसका सभी विद्यार्थी भरपूर फायदा उठाकर खेल जगत में अपना एक अलग पहचान बनाकर अंचल को गौरवान्वित कर रहे




हैं।समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग के महामंत्री रोहित साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य के आर सिन्हा परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उप प्राचार्य अनीता अहीर शांता सोनवानी प्रधान पाठक शरणजीत कौर उपप्रधान पाठक एस आर सेन तथा समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थे। संचालन शिक्षक के के साहू ने किया। पीटीआई शिक्षक तरुण यादव एवं तेजेस्वरी साहू की अहम भूमिका रही।

## समाचार संक्षेप

### सटोरियों से पुलिस ने 90 हजार रुपये, मोबाइल और सट्टा पट्टी जब्त की



**भिलाई 17 दिसंबर।** अलग-अलग स्थानों पर फड़ जमाकर सट्टा खेल रहे आठ जुआरियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से कुल 90 हजार रुपये नकद, आठ मोबाइल और सट्टा पट्टी भी बरामद किया गया है। आरोपितों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है शंकर पारा खटाल रोड के पास में सट्टा सट्टा खेल रहे आरोपित राकेश चौहान, अशोक बघेल, शेख जाफर, उमेश कुमार निषाद, मोहम्मद सलीम कुरैशी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया इन आरोपितों के पास से कुल 68 हजार 198 रुपये नकद पांच मोबाइल और सट्टा पट्टी बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने लक्ष्मी मार्केट के पास सुपेला में भी चल रहे सट्टा के ठिकाने पर दबिश दी पुलिस ने मौके से अमित विभोर और शेख जमीन को सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया आरोपितों के पास से 13 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल और सट्टा पट्टी बरामद किया तीसरे मामले में पुलिस ने फरीद नगर के पास सट्टा खिला रहे आरोपित कमलकांत सिंह, को गिरफ्तार किया आरोपित के पास से सात हजार 700 रुपये नकद एक मोबाइल और सट्टा पट्टी बरामद किया

### बीएसपी टीम के प्रस्तुत शोध पत्र ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जीता पुरस्कार




**भिलाई, 17 दिसंबर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) की 77वीं वार्षिक तकनीकी बैठक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 22 से 24 नवंबर तक केआईआईटी, भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम तथा आईआईएम, भिलाई चैप्टर के सदस्यों द्वारा डीकार्बोनाइजेशन इन स्टील इंडस्ट्री थ्रू प्रोसेस इम्प्रूवमेंट विषय पर प्रस्तुत तकनीकी पेपर की सराहना की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और महाप्रबंधक के वी शंकर के मार्गदर्शन में आईआईएम भिलाई चैप्टर के सचिव, बीएसपी और आईआईएम भिलाई चैप्टर के अधिकारियों की टीम ने केआईआईटी, भुवनेश्वर में आयोजित मेगा इवेंट में भाग लेकर अपने तकनीकी पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किया। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम ने डीकार्बोनाइजेशन इन स्टील इंडस्ट्री थ्रू प्रोसेस इम्प्रूवमेंट विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज और सहायक महाप्रबंधक रजत कुमार सरकार की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीता। इस सम्मेलन में जेएसडब्ल्यू, टाटा स्टील, आदित् ग्रीन टेक्नोलॉय बिड़ला हिंडाल्को आदि धातु उद्योगों की टीमों ने भी भाग लिया। महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज, महाप्रबंधक आर आनंद, सहायक महाप्रबंधक रजत कुमार सरकार, प्रबंधक सोनल श्रीवास्तव, सीनियर टीए (एम एंड यू) और आईआईएम, भिलाई चैप्टर के संयुक्त सचिव उदय भानु तिवारी आईआईएम, भिलाई चैप्टर कोषाध्यक्ष एसएसआरसी मूर्ति की टीम ने भाग लिया और तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक व आईआईएम, भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष सौम्य तोकदार तथा महाप्रबंधक व आईआईएम, भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास सहित आईआईएम, भिलाई चैप्टर ने टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध संयंत्र की कार्रवाई जारी



**भिलाई, 17 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, संपदा न्यायालय के निर्देश पर अवैध कब्जाधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध आज 16 दिसम्बर 2023 को भी उतई रोड पर, मरोदा में कार्यवाही की गई। कब्जाधारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उतई रोड के पास मरोदा बस्ती में अवैध कब्जेधारी द्वारा बनाए जा रहे अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

# अल्ट्रा मॉडर्न मशीनों से न्यूरोजेनिक बीमारियों के शोध में मिलेगी मदद

## जीटी रिसर्च एंड हेल्थ केयर में हाईटेक सुविधाएँ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 दिसंबर।** जीटी रिसर्च एंड हेल्थकेयर के डायरेक्टर एवं देश के मशहूर न्यूरो स्पाइनल सर्जन डॉ. राजन तिवारी ने कहा है कि भोगवादी और अनियमित लाइफ स्टाइल के इस दौर में न्यूरोजेनिक बीमारियां लगातार लोगों को परेशान कर रही हैं। उम्रदराज तो उम्रदराज, युवाओं तक में पीठ से लेकर गर्दन, कमर और हाथ-पैरों में दर्द, शरीर में झुनझुनाहट, ब्रेन स्ट्रोक आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े-बुजुर्गों से लेकर महिलाओं और युवाओं में न्यूरो स्पाइनल से सम्बंधित बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। मरीजों की असावधानी के चलते कई बार ये बीमारियां क्रोनिक हो जाती हैं और आगे चलकर परेशानी का कारण बनती हैं। इन्हीं वजहों से भिलाई में जीटी रिसर्च एंड हेल्थ केयर की स्थापना की गयी है जहाँ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पॉली क्लिनिक में पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर भी होगा।

तरुण छत्तीसगढ़ से अनौपचारिक चर्चा करते हुए डॉ. राजन तिवारी ने बताया कि जीटी रिसर्च एंड हेल्थकेयर में टेस्ला एमआरआई मशीन, स्कैन एवं पैथोलॉजी सेंटर के साथ ही लेबोरेटरी सिस्टम को हाईटेक बनाया जा रहा है। ये अत्याधुनिक



मशीनें छत्तीसगढ़ में वन ऑफ़ द बेस्ट होंगी। टेस्ला की मॉडर्न एमआरआई मशीन ऐसी है जिससे अन्य मशीनों के मुकाबले दोगुनी गुणवत्ता की और बहुत कम समय में जांच हो जाएगी। यह न्यूरोलॉजिक इमेजिंग के क्षेत्र में क्रांति है। यह एमआरआई मशीन परिवेश का अनुभव अधिक स्थान और प्रकाश की भावना पैदा करके क्लौस्ट्रफ़ोबिया को कम करती है। न्यूरो आघात (ट्रॉमा) की देखभाल से निपटने के लिए यह अत्याधुनिक सुविधाओं वाला प्रदेश में अपनी तरह का ऐसा अस्पताल है जहाँ सारी सुविधाएं मौजूद होंगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि जीटी रिसर्च एंड हेल्थकेयर में जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येन ज्ञानी के साथ ही फिजियोथेरेपी की विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा की भी सेवाएं मिलेंगी जिससे मरीजों को बड़ा लाभ होगा। उन्होंने बताया कि यहाँ की पैथोलॉजी विभाग को मजबूत करने के लिए लेबोरेटरी को हाईटेक किया जा रहा है। मोस्ट एडवांस मशीनों से मरीजों का इलाज आसान और खर्च कम होगा। भिलाई ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ में यह अपनी तरह का अनूठा ऑर्गनाइज़्ड एंड मॉडर्नाइज़्ड रिसर्च और हेल्थकेयर हॉस्पिटल होगा। उन्होंने कहा कि अर्बन के साथ ही रूरल क्षेत्र में भी ब्रेन स्ट्रोक, याददाश्त में कमी, हाथ-पैरों, कमर-घुटनों में दर्द के केसेस बढ़ रहे हैं इसलिए हमें ग्रामीण क्षेत्रों पर भी फोकस किया है। अक्सर देखा गया है कि मरीज सही मार्गदर्शन के आभाव में सफर करता है तो हम कम खर्च में मरीजों को सही रास्ता दिखा रहे हैं। ज्ञात हो कि डॉ राजन तिवारी ऐसे सीनियर स्पाइनल सर्जन हैं जिनने वर्ष 2000 में भिलाई में न्यूरो सर्जरी की शुरुआत की। उनने चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जरी को बड़ा माइलेज दिया और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश-दुनिया में प्रसिद्धि दी। उन्होंने बेबाक कहा कि दर्द से छटपटाते और कराहते मरीज को स्वस्थ और मस्त कर उन्हें जो खुशी मिलती है वह किसी और चीज में नहीं। इसी में उनकी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है।

# आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर शिविर में की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 दिसंबर।** केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने इस्पात क्षेत्र में कृत्रिम प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग को अपनाने और बढ़ाने के महत्व पर बल देते हुए कल नई दिल्ली में एक चिंतन शिविर के आयोजन में अपने विचार रखे। इस चिंतन शिविर में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी शामिल थे। चिंतन शिविर में केंद्रीय इस्पात और नागरिक उड्डयन मंत्री ने इस्पात क्षेत्र के हितधारकों से अपने संबंधित इस्पात संयंत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग को बढ़ाने का आग्रह किया है। केंद्रीय इस्पात मंत्री ने इस्पात मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए दोहराया कि चिंतन शिविर का उद्देश्य आर्थिक व्यवस्था को विकसित करने के प्रति हमारे दायित्व को समझना और हमारे बौद्धिक और ज्ञान के आधार को गहरा करना है, जिसे देश के विकासात्मक क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर चिंतन शिविर के अलावा, मंत्रालय को एक निरंतर सीखने वाला मंत्रालय बनाने का भी प्रयास करना चाहिए, जिससे हमारे विकासात्मक लक्ष्यों में बेहतर योगदान के




लिए व्यापक वातावरण की समझ में सुधार हो सके। केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कहा कि इस्पात निर्माण की पूरी अवधारणा में परिवर्तन आएगा और प्रथाओं को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता होगी। पैनल चर्चा के दौरान, विशेषज्ञों ने बताया कि अपने ग्रीन डील 2050 के हिस्से के रूप में, यूरोपीय संघ ने कुछ उत्पादों के लिए कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था के कार्यान्वयन का प्रस्ताव दिया है। कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था यूरोपीय संघ प्रणाली के अंतर्गत वहन किए गए उत्पादों के बराबर आयातित उत्पादों पर कार्बन उत्सर्जन लागत लागू करेगा। कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था न केवल यूरोपीय संघ को किए गए निर्यात को प्रभावित करेगा बल्कि मूल्य श्रृंखलाओं को भी पुनर्गठित करेगा। चिंतन शिविर के दौरान कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था के ऐसे दीर्घकालिक प्रभाव और कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था पर भारत की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा की गई।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 18 दिसम्बर 2023 से 23 दिसम्बर 2023 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 18 दिसम्बर 2023 को रिसाली सेक्टर, 19 दिसम्बर 2023 को मरोदा सेक्टर, 20 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-10, 21 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-6 के कुछ हिस्से, रसियन कॉम्प्लेक्स व बीएमडीसी तथा 22 व 23 दिसम्बर 2023 को जेएलएन हॉस्पिटल। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रों में प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर सेवाएँ विभाग के टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

# आभार रैली में जनता ने भावना बोहरा का पुष्प वर्षा कर किया शानदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 17 दिसंबर।** पंडरिया विधानसभा में जनता ने इस बार ऐतिहासिक मतों के साथ भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक भावना बोहरा पर भरपूर विश्वास जताया है। उनका यह विश्वास आज और दिखाई दिया जब विधायक निर्वाचित होने के बाद उनका पंडरिया में प्रथम आगमन हुआ. पुष्प वर्षा और फूल माले के साथ जनता ने अपने जनप्रिय विधायक को जीत की बधाई दी इस दौरान भावना बोहरा के आभार रैली पदयात्रा में उमड़ी भीड़ ने जनसेवा ही भावना के नारे के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

पंडरिया और पांडातराई में आज भावना बोहरा ने आज विधानसभा चुनाव में जनता के सहयोग व समर्थन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आभार रैली पदयात्रा के माध्यम से क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करने पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। जनता में अपार उत्साह देखते ही बन रहा था और भावना बोहरा ने भी जनता के अभिवादन को स्वीकार करते हुए पंडरिया विधानसभा चुनाव में अब तक हुए चुनाव में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत के साथ जीत दिलाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि आपने जिस विश्वास के साथ अपना अपार समर्थन दिया है उसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करती हूँ और विश्वास दिलाती हूँ की आपने जिस भरोसे के साथ मुझे अपना समर्थन दिया है उस विश्वास पर मैं जरुर खरा उतरूंगी। चुनाव के दौरान भावना दीदी की गारंटी में मैनें जो भी वादे किये



हैं अब उन वादों को पूरा करने के लिए मैं निरंतर कार्य कर रही हूँ और जल्द ही आपको वे सभी कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई देने शुरू हो जाएंगे। हमने विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र स्थापित करने की बात कही थी जिस पर हमें कार्य भी प्रारंभ कर दिया है और जल्द आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए इन केन्द्रों की स्थापना भी हो जाएगी। अब पंडरिया विधानसभा विकास, उन्नत और प्रगति के क्षेत्र में अपना एक नया अध्याय शुरू करेगा और मुझे पूरा विश्वास है की मेरे इस संकल्प में आपका भरपूर सहयोग मिलेगा। पूरे प्रदेश में पंडरिया विधानसभा हम सभी के प्रयासों से विकास की एक नई पहचान बनेगी। यही नहीं पंडरिया और पांडातराई में शहरों जैसी सुविधाएँ होंगी।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि मैंने हमेशा ही जनसेवा को अपना कर्तव्य माना है, मेरे जीवन का लक्ष्य और संकल्प यही है की अपने परिवारजनों अर्थात आप सभी की सेवा का सुअवसर मुझे हमेशा प्राप्त हो। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आगामी पांच वर्षों में पंडरिया के विकास और आप सभी की आकाँक्षाओं को पूरा करने के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं उनपर मैं अडिग हूँ और उनके पूरा करने के लिए संकल्पित भी हूँ। आने वाले समय में पंडरिया और पांडातराई में भी वह सभी सुविधाएँ होंगी जो एक विकसित शहर में होती हैं। स्मार्ट बस स्टैंड के माध्यम से सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, स्पोर्ट्स कॉम्पेक्स के माध्यम से यहां के प्रतिभावान युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा बेहतर खेल सुविधाएँ मिलेंगी, बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुगम आवागमन की निशुल्क सुविधा हेतु बस का संचल होगा, निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब व निशुल्क एम्बुलेंस सेवा से सभी के स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी, और भी ऐसे कई कार्य जल्द ही आपके क्षेत्र एवं पूरे पंडरिया विधानसभा में देखने को मिलेगी, शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिनसे हर व्यक्ति, वर्ग,समाज एवं क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा।इन आगामी पांच वर्षों में पंडरिया विधानसभा का एक अलग स्वरुप आपको देखने को मिलेगा। कल ही अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भी कई मत्वपूर्ण विषयों पर मैनें चर्चा की है और आप सभी की समस्या एवं क्षेत्र के विकास हेतु प्रमुख मुद्दों पर निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख पंडरिया विधानसभा में चल रहे अवैध कारोबार जैसे जुआ-सट्टा और अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए हमने अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही पुलिस विभाग तथा शासकीय अधिकारियों को जनता से बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आप सभी क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### मानव को पाप से मुक्ति पाने के लिए के लिए सच्चे मन से हरि नाम लेना ही काफी है :पं.रमाकांत



**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** विकासखंड के ग्राम अछोली में पिछले 11 दिसंबर से राम सजीवन केसरवानी के यहां आयोजित कथा में कथा वाचक पंडित रमाकांत मिश्रा नागपुर वाले गुरुजी बृजेश पांडे जी महाराज के मुखारविंद से 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दोपहर 3ः00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक किया जा रहा है जिसमें कथा वाचन के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह, अवधूतोख्यान, माया दर्शन, काली वर्णन के दौरान पंडित रमाकांत मिश्रा जी ने बताया कि मानव जीवन को पाप से मुक्त करने के लिए केवल हरि नाम ही एक आधार है सच्चे मन से हरि का नाम एक दिन एक बार जरूर ले जिससे मानव का कल्याण होगा, गुरुजी बृजेश पांडे ने बताया कि सनातन धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो मानव को मानव बनता है और सबसे प्रथम धर्म है, वही भागवत कथा में 17 दिसंबर को सुदामा चरित्र पूर्ण होती हवन एवं 18 दिसंबर को महाप्रसादी वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें केशरवानी समाज प्रमुखों अंचल के धर्म अनुरागी भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में भागवत कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

### गुरु घासीदास की जयती पर मड़ई मेला का आयोजन 19 को

**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** ग्राम पंचायत करवारी में गुरु घासीदास जयती के उपलक्ष में दिन मगलवार 19 दिसंबर को मेला मड़ाई का आयोजन किया गया है तथा रात में ग्राम सिरपुर पोस्ट खेरथा बाजार जिला बालोद वाले का संस्कृत रिकॉर्डिंग डांस सस्था आढ़ाही ग्रुप का कार्यक्रम रखा गया है अतः आप सभी आसपास के गांव वाले से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की कृपा करेंगे।

### एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग



**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग किया जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### सेमरा (बी) में 2 जनवरी से 9 जनवरी तक शिव पुराण महायज्ञ

**अंवरी 17 दिसंबर।** स्व.झाड़ू राम साहू,स्व.नारायण साहू, स्व. सुखवंतीन बाई, दीनू राम एवं अमरुद राम साहू की स्मृति में माधो राम साहू, गजमनी साहू सहित किरणबेर परिवार सेमरा (बी) द्वारा 2 जनवरी से 9 जनवरी 2024 तक शिवपुराण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । कथावाचक श्री श्री 1008 संत श्री बालयोगी सर्वेश्वरानंद सरस्वती होंगे। दिनांक 02 जनवरी 10 बजे कलश यात्रा,1 बजे कथा प्रारम्भ, शिवमहापुराण की बैठती चंचुला प्रसंग, 03 जनवरी भगवान शंकर जी का प्राकट्य, शिवपूजन का महाकाव्य, 04 जनवरी शिवरात्रि का महारम्य,नारद प्रसंग, कुबेर प्रसंग, 05 जनवरी शिव पार्वती विवाह, 06 जनवरी श्री कार्तिकेय प्राकट्य, बाल लीला, धरती की परिक्रमा, 07 जनवरी भगवान गणेश जी का प्राकट्य, विवाह अन्य कथाए 08 जनवरी बारह ज्योतिर्लिंग की कथा, 09 जनवरी हवन पूजन पूर्णाहुति चौधरी, भंडारा, महाप्रसादी,गीता प्रवचन आदि होंगे। प्रवचन का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

# सीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के मोबाईल वैन को रवाना किया। इस दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष राजनांदगांव से पूर्व सासंद श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री डोमन सिंह एवं अन्य अधिकारी विडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के मोबाईल वैन को रवाना किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री न केवल जनहित में योजनाएं बनाते हैं, बल्कि योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। गरीब एवं जरूरतमंदों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 के समय देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की। उनके मार्गदर्शन में कोविड के दो टीके बनाये गए और दूसरे देशों को भी दिये। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना की अवधि बढ़ाई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ जनता को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रावधान किया जा रहा है।

उन्हें हर वर्ग से सरोकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पूरी होंगी। शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने केबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी हितग्राहियों के फार्म भरवा कर योजनाओं का लाभ दिलवाने में उन्हें मदद करें। पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार इस यात्रा में सबकी भागीदारी जरूरी है। जिसमें जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ ही यह अभियान न सिर्फ शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि ग्रामों एवं वार्डों तक पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंदों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करें। यह आवश्यक है कि जनसामान्य को इस यात्रा के संबंध में पहले से ही जानकारी हो, जिससे उनकी भागीदारी पहले से ही सुनिश्चित होगी। भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं आम जनता से जुड़ी हुई है। ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करना है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय विकास विभाग की इस कार्य में महती भूमिका है, ताकि पात्र हितग्राही वंचित न हो। सभी क्रियान्वयन एजेंसी विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए अच्छी तरह कार्य करें।

# नगर निगम में चला स्वच्छता अभियान, फाईलो का हुआ संधारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** नगर निगम कार्यालय में आज प्रातः स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कमरे एवं निगम परिसर की सफाई किये एवं फाईलो का संधारण किये।

प्रत्येक महीने के तीसरा शनिवार को सुबह 8 बजे से अपने कार्यालयों की साफ सफाई करने एवं दस्तावेंज का संधारण करने जिलाधीश श्री डोमन सिंह के निर्देश पर स्वच्छता अभियान के तहत निगम के सामान्य प्रशासन, महापौर व अध्यक्ष कार्यालय, लोककर्म, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग में आयुक्त श्री गुप्ता, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कक्ष की सफाई किये तथा सभागृह, निगम परिसर की सफाई कर कचरा उठाया गया, साथ ही कार्यालय के दस्तावेंजों का संधारण भी किया गया। इसके अलावा परिसर एवं निगम के उद्यान से छिल्ली पन्नी उठाकर, कटीली झाडिया एवं घास काटा गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कलेक्टर महोदय की मंशानुरूप अवकाश के दिन माह के तीसरा शनिवार को अपने अपने कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के अनुक्रम में आज नगर निगम में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया और फाईलों का संधारण किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अवधि में सरकारी कामकाज के कारण कार्यालय की ठीक से सफाई एवं फाईलों का संधारण नहीं हो पाता, अवकाश के दिन तीसरे शनिवार को सफाई अभियान चलाने से सफाई के साथ साथ फाईलो का संधारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में साफ सफाई करने फाईलों का संधारण करने से स्वच्छ वातावरण निर्मित होता है जिससे काम करने में उत्साह आती है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 12 से 16 दिसम्बर तक शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, अभियान में महापौर, निगम पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि जन सहयोग से शहर में साफ सफाई किये, सफाई के तहत चौक चौराहो, सार्वजनिक स्थानों, मंदिर परिसर, तालाब के किनारे, उद्यान की सफाई की गयी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनमानस को स्वच्छता से जोड उनमें जागरूकता लाना है। आज के स्वच्छता अभियान में अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यालय की सफाई कर फाईलो का संधारण किये।

## वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत में 38747 प्रकरण से अधिक मामले निपटाए गए



**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर 2023 को वर्चुअल और भौतिक मोड में संपन्न हुआ। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 16 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गयी। जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन की सभी तैयारी की गई। जिला राजनांदगांव, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में न्यायालय में लंबित, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 38398 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हित किया गया। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 38 खंडपीठों का गठन किया गया। इस लोक अदालत में 38747 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 37812 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 3269 मामले ऐसे थे, जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे, निपटान राशि लगभग 387406384 रूपए थी। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात् चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपए वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। न्यायालय श्रीमती विनीता वारनर कुटुम्ब न्यायाधीश राजनांदगांव के न्यायालय में लंबित विधिक दांडिक प्रकरण दण्ड प्रक्रिया संहिता पक्षकार आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह 11 मई 2016 को सम्पन्न हुआ तथा उनका एक पुत्र संतान भी है। अनावेदक द्वारा माह जुलाई 2023 में आवेदिकागण को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिए जाने के उपरांत आवेदिका ने स्वयं तथा अपने पुत्र के भरण-पोषण हेतु न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश राजनांदगांव के न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया। आवेदिका एवं अनावेदक के मध्य समझौते एवं एक परिवार को टूटने से बचाने की संभावना को देखते हुए न्यायालय द्वारा उनका मामला आज नेशनल लोक अदालत में समझौता हेतु रखा गया।

# सीसी रोड निर्माण भ्रष्टाचार की भेट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 17 दिसंबर।** सीसी रोड निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सीमेंट का उपयोग करने व पानी की तराई नहीं करने से 4 से 5 दिन में रोड से डस्ट वा रेत बाहर आना शुरू होने से वार्ड वासियों ने ठेकेदार के खिलाफ लिखित शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत को दिया था। जिसके बाद ठेकेदार ने जागा और सीसी रोड बनने के पांच दिन बाद पानी की तराई की किंतु ठेकेदार ने सिर्फ बाल्टी से पानी डलवाकर महज औपचारिकता ही निभाया है । जबकि सीसी रोड़ बनने के कम से कम 15 दिनों तक अच्छे से पानी की तराई और पकने के लिए नमी रखना जरूरी होता है ताकि सी सी रोड़ अच्छे से पक सके पर यहां तो सारे नियम को ताक में रख कर ठेकेदार अपनी मन मर्जी से काम किया है।जिसका खामियाजा मोहल्ले वाले भुगतेंगे । वहीं शासन के पैसे की बंदरबांट से कोई इंकार नहीं कर सकता।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 ,6 व 7 में सीसी रोड निर्माण कार्य कोल्हू राम के घर सेअकीर खान के घर तक कुल लागत राशि दो लाख ग्यारह हजार और स्वर्गीय राजिंदर पाल सिंह भाटिया के घर से लेकर सिद्दीक कुरैशी की दुकान तक कुल लागत राशि दो लाख छैसठ हजार रुपए का निर्माण कार्य बालाजी कंस्ट्रक्शन राजनांदगांव ने किया है ,जिसकी गुणवत्ता पर वार्ड वासियों ने सवाल उठाया है और लिखित शिकायत सीएमओ के नाम किया है जिसमें लिखा गया है कि कोलू राम घर से अकीर खान के घर तक बना हुआ सीसी रोड महज सप्ताह भर नहीं हुआ है और उखड़ना शुरू हो गया ।इस प्रकार राजिंदर पाल सिंह भाटिया के घर से सिद्दिक कुरैशी के घर तक बना सड़क 2 माह के बाद पूरा खराब हो गया है। जिसका मुख्य वजह है खराब मटेरियल के साथ-साथ पानी भी नहीं डाला हैं ।ठेकेदार के मनमानी के चलते हैं यह सीसी रोड भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गया है ।वार्ड वासियों ने सी एम ओ से निवेदन किया है कि ठेकेदार के द्वारा बनाया गया सीसी रोड की जांच कर ठेकेदार के ऊपर उचित कार्वाई करते हुऐ सीसी रोड को पुनः गुणवत्तापूर्ण बनाई जाए।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 के पार्षद भारती रजक ने कई बार ठेकेदार को सीसी रोड बनने के पश्चात पानी डालने के लिए रिक्रेस्ट की लेकिन उनकी एक भी नहीं सुनी गई। आज यदि सीसी रोड बनने के तुरंत बाद पानी की तराई होती तो डस्ट और रेत नहीं निकलता।

# किसान सड़क में रख रहे धान आवागमन में हो रही परेशानी

**अंवरी 17 दिसंबर।** खराब मौसम के चलते धान के फसल खराब होने से बचने के लिए सेमरा,सुपेला, सिलघट एवं सिर्वे सहित अंचल के किसान सड़क में धान को बेचने के लिए सूखा रहे हैं जिससे सड़क में आने जाने में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है7 अगर ऐसा रहा तो राहगीरों को बड़ी दुर्घटनाओ सामना करना पड़ सकता है7 जब हमारे संवाददाता के द्वारा किसान को पूछा गया तो किसान ने अपनी दर्द बयां करते हुए बताया की खराब मौसम के चलते कुछ दिन पहले बारिश हुई है जिसमें हमारे फसल भीग चुके हैं अगर इसे नहीं सुखाएंगे तो यह अंकुरित हो जायेगा 7धान को सुखाने के लिए हमारे पास जगह नहीं है तो हम लोग इसे सड़कों में सुखाने मजबूर हैं7 एक किसान ने बताया कि अगर सही वक्त पर टोकन कटा होता तो हमें सड़क में धान सूखाने की जरूरत नहीं पड़ती टोकन नहीं मिलने के कारण व बारिश के वजह से हमारे फसल भीग गए जिसके चलते हमें धान सुखाना पड़ रहा है वही मिली जानकारी अनुसार अभी वर्तमान स्थिति में समिति कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा ऑनलाइन टोकन व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी की जा रही है, जिससे टोकन के लिए धान खरीदी में



किसानों को भारी भीड़ लगानी पड़ रही है7 किसानों द्वारा ऑनलाइन टोकन बुक कराने से पहले वे उस दिनांक से आगे दिनांक तक टोकन जारी कर रहे है और तो और किसानों के द्वारा धान खरीदी केंद्र में टोकन के लिए चक्कर काटने पर ऑनलाइन टोकन काटने की हिदायत दी जाती है,जिससे किसान को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है किसानों की समस्या का पूर्ण जिम्मेदार धान खरीदी आपरेटर व व्यवस्था में कमी के परिणाम स्वरूप झेलनी पड़ रही है।और यह असुविधा लगभग सभी धान खरीदी केन्द्रो मे देखने को मिल रही है7अगर ऐसा रहा तो बड़ी दुर्घटना में देर नही ?

## विधायक भोलाराम साहू ने ग्राम खपराभाट पहुंच खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया



**छूरिया 17 दिसंबर।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन में खपराभाट पहुंच कर जन समुदाय को संबोधित किया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया, साथ में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश शुक्ला , परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष भरत साहू , कांग्रेस नेता सुरज साहू सहित समस्त ग्रामवासी व गांव के प्रतिष्ठित जन रहे।खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के ग्राम पहुंचने ही ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत सम्मान किया।अपने बीच विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने एवं युवाओं ने फुल माला बैच, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। विधायक भोलाराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को अनुशासित ढंग से खेलना चाहिए।खेल में जीत और हार होती है।जो टीम संगठित होकर खेलते हैं वही टीम विजयी होता है।श्री साहू ने आगे कहा की कबड्डी का खेल हमारी परम्परागत खेल है। गांवो में आज भी इस खेल को खेला जा रहा है।विधायक भोलाराम साहू ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का कार्यभार ग्रहण किया

**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** कार्यालय पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर श्री डोमन सिंह को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का प्रशासक नियुक्त किया गया है। आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज 16 दिसम्बर 2023 को प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उनके द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुधीर सोनी से बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहे धान खरीदी की समीक्षा की एवं उपार्जन केन्द्रों से धान के शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उनके द्वारा नवगठित सरकार द्वारा निर्वाचन पूर्व की गई घोषणा अंतर्गत किसानों को वर्ष 2014-15, 2015-16 के बकाया बोनस की राशि किसानों को भुगतान किये जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बैंक के माध्यम से अन्य शासकीय योजनाएं किसानों को खाद बीज भण्डारण एवं वितरण, ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड आदि अन्य योजनाओं की शीघ्र ही समीक्षा करने के निर्देश बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए।



# आयुक्त ने किया आश्रय स्थल का निरीक्षण

**राजनांदगांव 16 दिसम्बर।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज पुराना विश्राम गृह के पास निगम द्वारा निर्मित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का निरीक्षण कर प्रभारी से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता आश्रय स्थल की सुविधाओं के संबंध में प्रभारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, जिसे ध्यान में रखते हुये सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने प्रतिदिन आने जाने वाले रहवासियों की जानकारी लेकर रजिस्टर जॉच किये तथा प्रभारी से कहा कि हॉल में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था रखे, शौचालय, किचन तथा परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखे, बाहर से आये रहवासी एवं स्थानीय रहवासी से नियमानुसार निर्धारित शुल्क लेकर उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराये, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। आयुक्त श्री गुप्ता ने प्रभारी अधिकारी से कहा कि शौचालय आउट लेट मरम्मत के अलावा अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करे। परिसर में साफ सफाई के लिये उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओव्हर के नीचे रहने वाले लोगों को भी आश्रय स्थल में रहने प्रोत्साहित करे। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित निगम का अमला उपस्थित था।



## रेलवे माल गोदाम श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की मंजूरी

**रायपुर 17 दिसंबर।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित, रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन मंथन 2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जॉन बारला। साथ में उपस्थित थे मेंबर , प्रसार भारती और पूर्व चीफ लेबर कमीशनर श्री डी पी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डी जी डब्ल्यू बिभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त श्री निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त श्री ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त श्री कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी सुशील कुमार और रजिस्ट्रार-एनएचआरसी श्री बृजवीर सिंह। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष श्री इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# कलेक्टोरेट में आने वाले जनसामान्य को मिले स्वच्छ एवं सुविधाजनक माहौल:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 दिसम्बर ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने मेरा दफ्तर मेरा घर अभियान के तहत कार्यालय और कलेक्टोरेट परिसर के गार्डन की साफ-सफाई की। जिले में सभी शासकीय कार्यालय की सफाई के लिए कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में मेरा दफ्तर-मेरा घर अभियान अंतर्गत कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की गई। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट आने वाले जनसामान्य को स्वच्छ एवं सुविधाजनक माहौल देने के लिए कार्यालय एवं कलेक्टोरेट परिसर के गार्डन की साफ-सफाई की। कलेक्टर श्री सिंह को कलेक्टोरेट गार्डन में सफाई करते हुए देखकर कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी भी प्रेरित होकर सफाई अभियान का हिस्सा बने। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टोरेट गार्डन में झाड़ू लगाई, खरपतवार, पन्नी जैसे अन्य कचरों को उठाकर साफ-सफाई की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अपने कार्यालय एवं आसपास के परिवेश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता होनी चाहिए।



उन्होंने कार्यालय में फाइलों को व्यवस्थित तरीके से संधारित करने के लिए कहा। उन्होंने अनुपयोगी वस्तुओं को नष्ट करने के लिए कहा। कलेक्टर के आव्हान पर आज कलेक्टोरेट में सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यालय में फाइल व्यवस्थित कर कलेक्टोरेट परिसर के गार्डन की साफ-सफाई की। जिले के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी ने अपने-अपने कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई कर फाईलों को व्यवस्थित एवं अनुपयोगी वस्तुओं को नष्ट किया गया। इसके अलावा आज जिले के सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर आमजनों को जागरूकता का संदेश दिया गया। गौरतलब है कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को मेरा दफ्तर मेरा घर अभियान के तहत सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शासकीय कार्यालय की साफ-सफाई की जा रही है। शासकीय कार्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए साफ-सफाई की जा रही है। सफाई अभियान अंतर्गत रिकार्ड व्यवस्थित रखना है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक करना है। जिससे कार्यालयीन कर्मचारियों को सभी आवश्यक फाईल समय में मिले एवं कार्य शीघ्रतापूर्वक किया जा सके और कार्यालय में स्वच्छता का वातावरण बना रहे। कलेक्टर श्री सिंह के साथ अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप तोमर सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश सिंह, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, ई-जिला प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा सहित राजस्व विभाग, जनसंपर्क विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट गार्डन में साफ-सफाई की। आज कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत, नगर निगम, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, परिवहन विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, आदिवासी विकास विभाग एवं जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

# प्रणति ने अपने किरदार के लिए बढ़ाये 6 किलो वजन कम किया

चकाचौंध और ग्लैमर की दुनिया में, जहां दिखावे को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है,



अभिनेत्री प्रणति राय प्रकाश प्रेरणा की किरण बनकर सामने आती हैं। एक कलाकार के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली और इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल 2 की विनर के रूप में जाने जानी वाली प्रणति ने हाल ही में अपने थिएटर शो के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की, जिसके लिए उन्हें महत्वपूर्ण मात्रा में वजन बढ़ाने की आवश्यकता थी। जो स्क्रिप्ट और उनके किरदार की डिमांड थी और अभिनेत्री ने बिना कुछ सोचे उस को एक्सेप्ट कर अपना 6 किलो वजन बढ़ाया आज सिर्फ 3 महीने में अभिनेत्री ने अपना फिर से वेइटलॉस किया और शानदार शरीर प्राप्त किया। हालांकि, प्रणति ने इस चुनौती को उसी दृढ़ संकल्प के साथ स्वीकार किया जिसने उनके करियर को परिभाषित किया है। अतिरिक्त 6 किलो वजन बढ़ाने से लेकर उसे कम करने तक का सफर प्रणति के लिए आसान नहीं था। उन्होंने अपनी फिटनेस के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया, विभिन्न प्रकार के व्यायामों को शामिल किया और एक अनुशासित आहार बनाए रखा। प्रणति ने हमें प्रमुख फिटनेस लक्ष्य देकर अपनी परिवर्तन यात्रा साझा की।

# एण्डटीवी ने अपने शोज में आठ नये किरदार शामिल किए

'भाबीजी घर पर हैं' में तीन किरदार पेश किये गये थे। इमरान नजीर खान एक रोमांचक एपिसोड में टिम्मी नाम का मेहमान बनकर आये थे। वह विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) के छोटे भाई और भारतीय क्रिकेट टीम के स्रान बने थे। टिम्मी विभूति का बड़ा सम्मान करता है, क्योंकि शुरूआती दिनों में उसने क्रिकेट का प्रशिक्षण विभूति से ही लिया था और अब अपनी सफलता का श्रेय उसे ही देता है। एक मैच के लिये उसके कानपुर दौरे से एक रोमांचक ट्विस्ट आता है, जो दर्शकों को बहुत गुदगुदाता है। लीना गोयनका ने डिम्पल की भूमिका से एंट्री ली थी, जोकि एक मेहमान बनकर आती है, लेकिन मनोरंजक स्थिति में फंस जाती है। डिम्पल एक शरारती लड़की है, जो मॉडर्न कॉलोनी में विभूति के चाचा जी (अनूप उपाध्याय) पर डोरे डालती है। हालांकि हालात एक आकस्मिक मोड़ लेते हैं, जब डिम्पल को विभूति से ही प्यार हो जाता है। इस पर विभूति की जिन्दगी में भूचाल आ जाता है। विजय लक्ष्मी माल्या एक कैमियो में मर्यादा की भूमिका निभाती हैं, जोकि विभूति की कजिन है। वह बताती है कि उसे गंभीर बीमारी है और उसके पास जीने के लिये वक्त बहुत कम है। सच्चे प्यार की तलाश में वह अपने भाई विभूति की मदद चाहती है। हालांकि, उसके आने से मनमोहन तिवारी और अंगूरी की शादीशुदा जिन्दगी मुश्किल आती है, क्योंकि उसे मनमोहन तिवारी से प्यार हो जाता है।

'हप्पू की उलटन पलटन' के दो बेहद लोकप्रिय किरदारों 'रज्जो' और 'कैट' के किरदारों के लिए दो नए कलाकारों को लिया गया। राजेश सिंह की भूमिका गीतांजलि मिश्रा को मिली, जबकि गज़ल सूद को कैट के किरदार के लिये चुना गया। गीतांजलि मिश्रा को टेलीविजन शोज और वेब सीरीज में



एक्टिंग में उनके दमदार हुनर और बेहतरीन परफॉर्मेंसेस के लिये जाना जाता है। राजेश का जो किरदार वह निभा रही हैं, वह हाजिरजवाब होने के साथ ही बुंदेलखण्ड की मीठी बोली के लिये मशहूर है। वह नौ बच्चों की माँ है और अपनी सास कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) के साथ उसकी पटरी नहीं बैठती है, लेकिन वह अपनी सास का आदर और फिक्र करती है। अपने पति से वह अपनी पसंद के काम करवा लेती है। दूसरी ओर, कैट थोड़ी बेवकूफ लेकिन प्यारी और खुश रहने वाली लड़की है। उसे धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने में मुश्किल होती है और उसकी कही बात को न समझने पर लोग उससे चिढ़ जाते हैं। हमारे साथ एक बेबाक इंटरव्यू में उन्होंने अपने किरदार और कॉमेडी करने में आने वाले आनंद के बारे में बताया था।

'दूसरी माँ' में तीन नई एंट्रीज हुईं। मिक्की डुडाने को वरुण शर्मा की भूमिका मिली, जोकि एक विरोधी किरदार है। वह यशोदा (नेहा जोशी) और कृष्णा (आयुध भानुशाली) की जिन्दगी में नई-नई अड़चनें और चुनौतियाँ पैदा करता है। वह कृष्णा का पिता होने का दावा करता है, लेकिन कामिनी (प्रीती सहाय) और बंसल की उस योजना का हिस्सा है, जो कृष्णा को परिवार से बेदखल करने के लिये बनी है। दर्शन दवे ऊर्फ रणधीर शर्मा एक वकील है, जिसकी अशोक (मोहित डागा) से दुश्मनी है। यह दुश्मनी इसलिये है, क्योंकि वह अशोक के सामने लड़े सारे मुकदमे हारा है। फिर भी, अशोक के गायब होने के बाद यशोदा (नेहा जोशी) की मुश्किलों में रणधीर मदद का हाथ बढ़ाता है। रणधीर चाहता है कि यशोदा उसके दयाभाव से प्रभावित हो और उसकी शख्सियत में पेचीदगी के साथ-साथ कई परतें हैं। शमशेरा की भूमिका में स्वतंत्र भारत हैं। शमशेरा एक ताकतवर स्थानीय गुंडा है और कब ड्डी की टीम को ट्रेनिंग देता है। उसे कृष्णा (आयुध भानुशाली) से लगाव हो जाता है, क्योंकि वे दोनों अनाथ रहे हैं। अपनी माँ की मौत और पिता के द्वारा छोड़ दिये जाने के बाद शमशेरा ने अपनी कम्युनिटी पर राज करने के लिये गलत रास्ता चुन लिया था।

# फिरोजा खान उर्फ खानजादी ने कलर्स 'बिग बॉस' को कहा अलविदा

कलर्स के 'बिग बॉस' पर 'शनिवार का वार' का सरप्राइज और रोमांच फिरोजा खान उर्फ खानजादी के निष्कासन की घोषणा के साथ समाप्त हो गया, जिससे घर में उसके दोस्त अभिषेक कुमार की आंखों में आंसू आ गए। ऐसा लग रहा था कि अभिषेक और खानजादी घर में 'नया कपल' बनने ही वाले थे और इसीलिए खानजादी के जाने का सबसे



ज्यादा असर अभिषेक पर पड़ा। खानजादी के निष्कासन की घोषणा से पहले मेगास्टार और शो के मेजबान सलमान खान ने एक बजर राउंड शुरू किया और जो भी नामांकित व्यक्ति तीन की गिनती पर बजर दबाएगा, उसे प्रतियोगियों के खाना पकाने के कुल समय को कम करते हुए सप्ताह में 12 घंटे तक लाना होगा और इसके बदले में उसे निष्कासन से सुरक्षा मिल जाएगी। अभिषेक ने बजर दबाकर इम्युनिटी हासिल कर ली, हालांकि अपनी लोकप्रियता के कारण उन्हें इसकी जरूरत नहीं थी। जिसे इसकी जरूरत थी वह खानजादी थी, जिन्होंने नामांकितों के बीच सबसे कम वोट हासिल किए। घर में अपने आखिरी कुछ हफ्तों के दौरान रैपर शो छोड़ने की इच्छा जताते हुए रो रही थी, और उनका निष्कासन उनके लिए अच्छी खबर थी।

## सोराब बेदी बिग बॉस में लेना चाहते है भाग

बिग बॉस एक चुनौती है जो आपके चरित्र, लचीलेपन और क्षमता का परीक्षण करती है और मैं इसे खुली बांहों से स्वीकार करना चाहता हूं,इस रियलिटी शो का हिस्सा बनने की इच्छा पर टीवी अभिनेता सोराब बेदी कहते हैं टीवी सीरियल चांद जलने लगा में रौनक के किरदार से



दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर सोराब बेदी ने अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी इच्छा जाहिर की है। अपने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मॉडलिंग शो के लिए सोशल मीडिया पर भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग रखने वाले सोराब बेदी ने टेलीविजन के सबसे बड़े रियलिटी शो बिग बॉस में एक बार भाग लेने की इच्छा जताई है।सोराब बेदी, जिन्होंने हमेशा जीवन और यात्रा को मुस्कान के साथ निभाया है, ने बिग बॉस का हिस्सा बनने और दर्शकों के दिलो में अपनी एक अलग जगह बनाने के लिए इच्छा व्यक्त की है, सोराब कहते हैं, ÷बिग बॉस एक ऐसा रियलिटी शो है जिसे मैं मिस नहीं करता हूं और मैं हमेशा से ही में बिग्ग बॉस 13 के बाद से इससे जुड़ा हुआ हूं। मैंने हमेशा इस रियलिटी शो का हिस्सा बनने का सपना देखता हूँ क्योंकि मैं अपने दर्शकों को दिखा सकता हूं कि सोराब बेदी वाकई में कौन है।

## गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर पहुंचीं उर्वशी रौतेला

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोरती हैं। वे खुद से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ साझा करती हैं।उर्वशी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपने लिए कुछ समय



निकाला और असम के गुवाहाटी में प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन किए। उर्वशी रौतेला ने तस्वीर साझा करते हुए जानकारी दी कि उन्होंने कामाख्या माता के दर्शन किए। दरअसल, उर्वशी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपने लिए कुछ समय निकाला और असम के गुवाहाटी में प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर की भावपूर्ण तीर्थ यात्रा करने का फैसला किया। अभिनेत्री ने आशीर्वाद लेने और नए वर्ष से पहले अनुष्ठान करने के लिए पवित्र मंदिर का दौरा किया। कामाख्या मंदिर भारत में सबसे प्रतिष्ठित और प्राचीन मंदिरों में से एक है। उर्वशी हमेशा से ही आध्यात्मिक रही हैं और वह अक्सर आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में जाती रहती हैं। कामाख्या मंदिर से आशीर्वाद लेने के बाद उर्वशी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर साझा की। पारंपरिक पोशाक पहने हुए वे प्रार्थना में ध्यान लगाए हुई थीं और आगामी वर्ष के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए पूजा अनुष्ठान कर रही थीं।

## संदीपा धर ने भारत की सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए रैंप वॉक किया

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि के उत्सव में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने भारतीय शराब ब्रांड के भव्य लॉन्च कार्यक्रम में उसके लिए वॉक करते हुए मुख्य मंच पर कदम रखा। यह उत्तम व्हिस्की, भारत को परिभाषित करने वाली मनमोहक भावना के प्रति



एक श्रद्धांजलि है। सभी भारतीय चीजों के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर संदीपा धर ने लॉन्च का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उनके अपने शब्दों में, ÷जब से मैं बच्ची थी, मुझ पर पूरी तरह से भारतीय चीजों का जुनून सवार रहा है। चाहे वह पारंपरिक बॉलीवुड नृत्य और संगीत के प्रति मेरा प्यार हो या आधुनिक भारतीय कहानी कहने का शौक हो, मुझे अपनी भारतीयता के हर पहलू का जश्न मनाना पसंद है। इसलिए, यहां भारत के सार का जश्न मनाते हुए स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा लग रहा है। इस कार्यक्रम में संदीपा धर की उपस्थिति ने बॉलीवुड ग्लैमर और प्रामाणिकता का स्पर्श जोड़ा, जो भारत की विविधता को श्रद्धांजलि देने के ब्रांड के दृष्टिकोण के साथ सहजता से जुड़ गया।

# इन बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने 2023 में रेड कार्पेट पर बिखेरा अपना जलवा

वर्ष 2023 में फैशन और स्टाइल का चकाचौंध प्रदर्शन देखने को मिला क्योंकि बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने विभिन्न रेड कार्पेटों की शोभा बढ़ाई और अपने शानदार लुक से अमिट छाप छोड़ी। मेट गाला से लेकर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल तक, इन प्रमुख महिलाओं ने अपने बेदाग फैशन सेंस का प्रदर्शन किया। आइए उन बॉलीवुड अभिनेत्रियों पर करीब से नज़र डालें जिन्होंने 2023 में रेड कार्पेट पर सुर्खियां बटोरीं।



### मेट गाला में आलिया भट्ट एक स्वप्निल मामला

आलिया भट्ट ने मेट गाला में अपनी अलौकिक उपस्थिति से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चैनल के 1992 फॉल/विंटर कलेक्शन के लिए कार्ल लेगरफेल्ड के प्रतिष्ठित ब्राइडल लुक से प्रेरित एक कस्टम प्रबल गुरुंग गाउन पहनकर भट्ट ने एक स्वप्निल आभा बिखेरी। मोतियों से सजी पूरी सफेद पोशाक ने उनकी अनूठी शैली को प्रदर्शित किया, और नुकीले सफेद उंगली रहित दस्ताने ने लेगरफेल्ड की विशिष्ट फैशन समझ को श्रद्धांजलि दी।

### कान्स में डायना पेंटी: एक असाधारण रत्न

डायना पेंटी ने कस्टम फाल्गुनी शेन पीकॉक ब्लैक टू पीस आउटफिट में कान्स रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाई। ग्रे गूज़ के समर्थन में फिल्म महोत्सव में भाग लेने वाली बॉलीवुड सुंदरी ने अपने ग्लैमरस पहनावे से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पेंटी की पोशाक की पसंद परिष्कार और समकालीन और ठाठ डिजाइनों का एक आदर्श मिश्रण दर्शाती है।

### कान्स में सारा अली खान: हेरिटेज एलिगेंस

सारा अली खान ने कान्स में दो अलग लुक दिखाते हुए अपने गृह देश की गहरी विरासत का जश्न मनाया। पहला, एक भव्य अबू जानी और संदीप खोसला लहंगा, सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। उनकी दूसरी उपस्थिति ने प्रसिद्ध डिजाइनरों की एक और रचना, काले और सफेद डीकंस्ट्रक्टेड साड़ी के साथ परंपरा को अपनाया। खान की रेड कार्पेट पसंद ने भारत के विविध और जीवंत फैशन को श्रद्धांजलि दी।

### कान्स में मृणाल ठाकुर: थ्री टाइम्स द चार्म

मृणाल ठाकुर ने ग्रे गूज़ के सहयोग से 76वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाई, जिसमें प्रमुख भारतीय डिजाइनरों द्वारा बनाए गए तीन कस्टम लुक शामिल थे। पहला, फ्रिल डिटेलिंग वाला एक सफेद फाल्गुनी शेन पीकॉक गाउन और एक पंख वाली ट्रेन, ठाकुर की सुंदरता को प्रदर्शित करती है। इसके बाद उन्होंने अनामिका खन्ना का एक कस्टम हुड वाला गाउन पहना और बाद में फाल्गुनी शेन पीकॉक की जटिल चांदी के धागों से सजी साड़ी-गाउन में नजर आईं।

### मेट गाला में प्रियंका चोपड़ा ब्लैक, व्हाइट और बोज़

प्रियंका चोपड़ा जोनास ने मेट गाला में अपने मैसन वैलेंटिनो लुक से सबका ध्यान खींचा। धनुष और जाँघ-ऊँचे स्लिट वाली पूरी काली स्ट्रैपलेस पोशाक परिष्कार का आभास करा रही थी। चोपड़ा ने पहनावे को सफेद चमड़े के दस्ताने, एक काले फेल केप और आस्तीन पर सफेद धनुष के साथ जोड़ा। बुल्गारी गहनों ने उनकी रेड कार्पेट उपस्थिति में ग्लैमर का स्पर्श जोड़ दिया। 2023 में रेड कार्पेट पर फैशन आइकन साबित हुईं ये बॉलीवुड एक्ट्रेसेस उनके परिधान विकल्पों ने प्रतिष्ठित आयोजनों में ग्लैमर और लालित्य का स्पर्श जोड़ा, जिससे वैश्विक स्तर पर बॉलीवुड और हाई फैशन के निरंतर अंतर्संबंध के लिए मंच तैयार हुआ।

# उभरते सितारे: 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।



### शनाया कपूर :वृषभ

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म ÷वृषभ÷ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी – अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म

अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली खान – सरज़मीन

पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ÷सरज़मीन÷ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन – इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ

प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ÷इश्क विश्क रिबाउंड÷, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है। श्रॉफ के साथ जोड़ी एक गतिशील ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का संकेत देती है जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### अमन देवगन – अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अभिषेक कपूर की देखरेख में, अमन देवगन एक अनाम परियोजना में अपनी शुरुआत के लिए तैयार हो रहे हैं। कपूर की कहानी कहने की क्षमता, देवगन जैसी नई प्रतिभा के साथ मिलकर दर्शकों के लिए एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। इन नवोदित कलाकारों की आमद भारतीय सिनेमा के उभरते परिदृश्य में एक ताज़ा गतिशीलता जोड़ती है। जैसे-जैसे उद्योग नई कहानियों और विविध प्रतिभाओं को अपनाता जा रहा है, ये युवा कलाकार न केवल फिल्मों की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं, बल्कि कहानी कहने की समृद्ध टेपेस्ट्री में भी योगदान दे रहे हैं। जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

# सर्दी के स्वादिष्ट पकवान, जिन्हें देखकर ललचता है कलाकारों का मन!

सर्दियाँ आने के साथ ही माहौल खुशी से भर जाता है। ऐसे में सफर करने और अपने चहेते मौसमी व्यंजनों का आनंद उठाने की इच्छा काफी बढ़ जाती है। एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि इस बार की सर्दियों में उनके सबसे पसंदीदा स्नैक्स कौन से हैं जिन्हें देखकर ही उनका जी



ललचा जाता है। यह कलाकार हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''सर्दियों का मौसम मेरे लिये हमेशा पुणे या मुंबई का आकर्षण बढ़ा देता है और इस समय मेरा रोमांच काफी बढ़ जाता है। सर्दियों का मौसम मेरे भीतर एक नई ताजगी पैदा करता है। पूरा माहौल ही एकदम बदल जाता है, जब ठंडी हवाएं हरे-भरे वनस्पति से गुजरती हैं। ऐसे लुभावने पल में मुझे गरम वडा पाव और भाजी (पकोड़ा) का स्वर्ग जैसा संगम बड़ा ही सुख देता है। इसके अलावा गर्मा-गर्म पोहा या साबूदाना वडा के साथ एक कप चाय की मेरे दिल में खास जगह होती है। पुणे का होने के नाते, यह भोजन हमारे अस्तित्व का एक अटूट हिस्सा है। और खुश कर देने वाले व्यंजनों को देखकर मुंह में पानी आ जाता है और खाने-पीने के एक से बढ़कर एक ठिकानों को खोजना बहुत अच्छा लगता है। इसके अलावा, अपने चहेते मिसल पाव और थालीपीठ का मजा तो मैं सर्दियों में ही नहीं, हर मौसम में लेता हूँ। हालांकि सर्दियाँ इन अनुभवों का स्वाद बढ़ा देती हैं।''

# प्यार, मनोरंजन और चुनौतियों से भरा सप्ताह!

इस हफ्ते एण्डटीवी पर 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में कुछ दिलचस्प ट्विस्ट्स देखने के लिए तैयार हो जाइये। 'अटल' की आगामी कहानी के बारे में बात करते हुए, कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा, ''कृष्ण बिहारी वाजपेयी (आशुतोष कुलकर्णी) ब्रिटिश पुलिस के आने से पहले अटल (व्योम ठक्कर), श्याम लाल (मिलिंद दस्ताने) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) को बटेश्वर भेज देते



हैं। इसी दौरान, कृष्णा देवी और श्याम लाल चिंता में हैं कि कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कोई कारण बताये बिना उन्हें बटेश्वर क्यों भेजा। इस बीच, एडवर्ड और तोमर ग्वालियर में अटल के परिवार से पूछताछ करने के लिए सैनिकों के साथ आते हैं। पूछताछ के दौरान एडवर्ड सच्चाई का पता लगाने के लिए प्रेम को मारने की कोशिश करता है, लेकिन कृष्ण बिहारी बीच में आकर प्रेम को बचा लेते हैं। बटेश्वर में एक व्यक्ति अपने बेटे की पिटाई करता है, जब वह अटल की तरह पढ़ने के लिये ग्वालियर जाने की बात कहता है। लेकिन फिर श्याम लाल आकर उस बच्चे को बचाते हैं। कृष्ण बिहारी और अटल एक पत्र लिखकर अपनी गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश करते हैं।'' एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के आगामी हिस्से पर बात करते हुए दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और बच्चे मिलकर हप्पू (योगेश त्रिपाठी) के लिये एक सरप्राइज बर्थडे पार्टी की योजना बनाते हैं। इस बीच, हप्पू के परिवार की एक करीबी लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ भाग जाती है। इससे नाखुश हप्पू इस खबर को अपने बच्चों तक नहीं पहुँचने देने की पूरी कोशिश करता है। वह राजेश (गीतांजलि मिश्रा) से बच्चों पर नजर रखने के लिये कहता है।

# राज कुंद्रा की दोहरी खुशी: शानदार भांगड़ा के साथ अभिनय से नृत्य की ओर रुख करते हुए

जाने-माने बिजनेसमैन से अभिनेता बने राज कुंद्रा ने हाल ही में अपनी पंजाबी जड़ों से गहरा जुड़ाव दिखाकर अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया। एक दिल छू लेने वाले कदम के तहत, बिजनेस जगत में अपने सफल उद्यमों के लिए जाने जाने वाले कुंद्रा ने अपने



पहले प्यार - भांगड़ा का लुत्फ उठाया। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भांगड़ा की जीवंत धुनों पर नाचते हुए अपना एक जीवंत वीडियो साझा किया, जिसमें समृद्ध पंजाबी संस्कृति का सार दर्शाया गया है। ऐसी दुनिया में जहां प्रामाणिकता को महत्व दिया जाता है, राज कुंद्रा का अपनी पंजाबी विरासत को अपनाना और अभिनय की दुनिया में उनकी छलांग किसी के दिल की बात मानने की सुंदरता का उदाहरण है। वीडियो न केवल भांगड़ा के प्रति उनके प्यार को दर्शाता है, बल्कि एक व्यक्तिगत संबंध को भी दर्शाता है जो एक अभिनेता के रूप में उनकी विकसित होती कहानी में गहराई जोड़ता है।

## कलर्स के आगामी शो 'मेरा बलम थानेदार' में अनुभवी अभिनेता नीलू वाघेला नकारात्मक भूमिका निभाएंगे

कलर्स दिलचस्प कहानियों से लगातार मनोरंजन को पुनः परिभाषित कर रहा है, जो न केवल सार्थक विषयों पर चर्चा करती हैं बल्कि कहानी कहने की दुनिया में नए मानक स्थापित करती हैं। अपनी समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध, कलर्स अपनी आगामी पेशकश 'मेरा बलम थानेदार' में एक दिलचस्प प्रेम कहानी लाने के लिए तैयार है। वीर की भूमिका में शगुन पांडे और बुलबुल की भूमिका में श्रुति चौधरी अभिनीत, यह नवीन कहानी न केवल प्यार की जटिलताओं पर चर्चा करती है, बल्कि कम उम्र में शादी के मुद्दे पर भी प्रकाश डालती है। इस आगामी शो में अब अनुभवी अभिनेता नीलू वाघेला को भवानी चंडावत की भूमिका में लिया गया है, जो एक कुटिल राजनीतिज्ञ और वीर के परिवार की दुश्मन है। शो में दिखाया जाएगा कि वह कभी वीर की मां की सबसे अच्छी दोस्त थीं और एक घटना के बाद दोनों महिलाएं दुश्मन बन जाती हैं। वह ज़िम्मेदार और मददगार है लेकिन वीर के परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल करती है। नील द्वारा जीवंत किया गया, भवानी का किरदार इस अनोखी प्रेम कहानी में अप्रत्याशित मोड़ लाने के लिए तैयार है।

## 'अटल' से जुड़वा बहनों अलीना और एलिन जायसवाल ने अभिनय की दुनिया में रखा कदम

एण्डटीवी का नया शो 'अटल' स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियों के साथ दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस शो में व्योम ठक्कर ने अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन का किरदार निभाया है। शो में व्योम और दूसरे कलाकारों के अभिनय को भी काफी सराहा जा रहा है। वाजपेयी परिवार में उर्मिला और कमला का किरदार निभा रहीं अलीना और एलिन के परफॉर्मेंस ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। इन जुड़वा बहनों ने इस शो से अभिनय की दुनिया में कदम रखा है और वे इस सफर का हिस्सा बनने के लिये बेहद उत्साहित हैं। वाजपेयी परिवार की सबसे छोटी सदस्यों के रूप में इन किरदारों की कहानी में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। नन्हें अटल के साथ खासतौर से इनका रिश्ता बहुत ही प्यारा है। उर्मिला बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहीं अलीना जायसवाल ने कहा, ''इस शो का हिस्सा बनकर और अपनी बहन एवं बाकी के कलाकारों के साथ काम करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। अपनी जुड़वा बहन के साथ शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव है, क्योंकि मैं अपनी रियल-लाइफसिस्टर की ऑन-स्क्रीन बहन का किरदार निभा रही हूं। हम एक साथ काफी मस्ती करते हैं और वह जब आस-पास होती है तो बहुत अच्छा लगता है।

# शेखर चौहान कृत रोमांटिक छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'मिस यु मोर स्वीट हार्ट' 29 दिसंबर को

**रायपुर।** पीवीबी फिल्म्स ,निर्माता पुलकित नान्जियानी और ऋतिक अमरानी,की प्रस्तुति मिस यु मोर स्वीट हार्ट शेखर चौहान,जॉनसन अरुण, द्वारा निर्देशित फिल्म 29 दिसंबर को प्रदेश के अधिकतम



सिनेमाघरो में प्रदर्शित हेतु तैयार है। निर्माताओं ने आगे बताया कि फिल्म की कथा, पटकथा और डायलॉग जॉनसन अरुण ने लिखा है फिल्म का संगीत अमित प्रधान,ने दिया है गीतों में स्वर दिया है शुभम साहू, सुनील सोनी, मोनिका वर्मा, मुनमुन चक्रवर्ती, ने वेशभूषा - विलास रॉउत, कास्ट्यूम रज्जू आर्ट राधे द्वारा किया गया है। फिल्म में नायक की भूमिका में भूपेश चौहान और नायिका की भूमिका में इशिका यादव नजर आएँगी । फिल्म के अहम् किरदारों में छत्तीसगढ़ के नामीग्रामी कलाकार- पुष्पेन्द्र सिंह, योगेश अग्रवाल, लक्की रघुवंशी, क्रांति दीक्षित, सरला सेन, नकुल महलवार, विजय मिश्रा, संगीता निषाद, राजू पाण्डेय, राजू नगरची, सुभाषनी जॉर्ज, जूनियर शाहरुख़ खान (मुम्बई) ,किशलाल, हेमंत निषाद, स्वीटी साहू, रानू आदि नजर आयेंगे। फिल्म 29 दिसंबर 2023 को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में रिलीज हो रही है।फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर - लक्की रंगसाही एवं शेखर चौहान है।

# सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट द्वारा समर्थित

मुंबई, भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने नए स्नातक दंत चिकित्सकों को अपनी दंत चिकित्सा पद्धतियां स्थापित करने के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त फंडिंग की पेशकश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे देश में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत दिए गए ऋण की गारंटी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) द्वारा दी जाएगी, जो भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की एक संयुक्त पहल है। डॉ. कश्मीरा हदकर परियोजना प्रमुख, आईडीए और एचडीएफसी बैंक और आईडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पाट रहे नागरिकों और सरकार के बीच की दूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 17 दिसम्बर।** डिजिटलीकरण की शक्ति के प्रमाण में, छत्तीसगढ़ के किरंदुल और बचेली शहरों में दो ऑनलाइन शिकायत



प्लेटफार्मों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव देखा गया है: केंद्र सरकार की सी पी ग्राम और राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ जन शिकायत वेबसाइट। ये मंच नागरिकों को अपनी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का अधिकार देते हैं, जिससे स्थानीय मुद्दों का समाधान निकलता है।

किरंदुल नगर के पूर्व पार्षद प्रवेश जोशी इन प्लेटफार्मों की प्रभावशीलता के प्रमाण के रूप में खड़े हैं।उन्होंने विभिन्न मुद्दों को सफलतापूर्वक निपटाया है, जिनमें शामिल हैं: - किरंदुल-बचेली मुख्य सड़क पर खराब स्ट्रीट लाइट से लेकर, आयुर्वेदिक होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित करने, स्कूलों और आंगनबाड़ियों के नवीनीकरण करने जैसे विविध मुद्दों को उठाया है। उन्होंने कुआकोंडा में पोषण पुनर्वास केंद्र के बारे में चिंताएं उठाने और बच्चों की भलाई की वकालत करने के लिए भी इन प्लेटफार्मों का उपयोग किया है। ढोलकाल जैसे विरासतों पर प्लास्टिक बैन करने की मुद्दे को भी उठाया है। जिसके फलस्वरूप सरकार की जवाबदेही के साथ उनके प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले। जिला प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की, जैसा कि जिला महिला एवं बाल विकास विभाग ने उन्हें आंगनवाड़ी नवीकरण और मरम्मत के संबंध में एक पत्र के साथ एक उत्तर पोस्ट भेजकर प्रदर्शित किया।

जोशी ने शिकायत पोर्टल के अधिकारिगण और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के सक्रिय दृष्टिकोण व् कार्यशैली की सराहना करते हुए,

## ऑनलाइन जन शिकायत से हो रहा समाधान



उनकी त्वरित सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही जिला प्रशासन से प्रार्थना किया है की आँगनबाड़ी केन्द्रो की पानी, बिजली, टपकती दीवारों, बाउंड्री वाल आदि जैसे समस्याओ का निराकरण जल्द ही किया जाए।

जोशी कहते हैं, ''ये प्लेटफॉर्म गेम चेंजर हैं।'' यदि आपकी शिकायत वास्तविक है और साक्ष्य के साथ समर्थित है, तो सरकार कार्रवाई करती है और आपको पोर्टल या पोस्ट के माध्यम से सूचित करती है। यह पारदर्शिता और दक्षता सराहनीय है। मैं नगर की समस्याओं को आगे भी सरकार तक पहुंचाने और निराकरण करवाने में प्रयास करता रहूँगा।

जोशी की पहल की सफलता और जनता से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया नागरिकों और सरकार के बीच की खाई को पाटने में ऑनलाइन शिकायत प्लेटफार्मों की क्षमता को उजागर करती है। जैसे-जैसे अधिक लोग इन उपकरणों को अपनाएंगे और सरकारें सक्रिय रूप से उनकी चिंताओं पर प्रतिक्रिया देंगी, हम किरंदुल और बचेली की आगे भी सकारात्मक विकास देखने की उम्मीद कर सकते हैं। जोशी का मानना है कि ये मंच अनावश्यक बिचौलियों को दरकिनार करते हुए जनता को सरकार के साथ सीधे जुड़ने के लिए सशक्त बनाते हैं।

## एक नजर

### जिला सर्व आदिवासी समाज ने नव निर्वाचित विधायक को दी बधाई



**बीजापुर, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व आदिवासी समाज जिला ईकाई बीजापुर द्वारा गत दिवस नव निर्वाचित कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी से सौजन्य. भेंट कर उन्हे जीत की बधाई दी इस मौके पर समाज के लोगों ने आदिवासी मुद्दों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा उनके निदान पर तवरित कार्यवाही करने का आग्रह किया इस द्वौरान विक्रम मंडावी. ने समाज के.लोगों को आस्वस्त किया और कहा कि समाज के लिए जो भी आवश्यक होगा उस पर अवश्य ही पहल करेंगे समाज के सहयोग के.लिए आभार जताया।

### हेल्थ वेलनेस सेंटर पामलवाया में मनाया गया निश्चय दिवस



**बीजापुर, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हेल्थ वेलनेस सेंटर पामलवाया में स्वास्थ्य मेला के साथ निश्चय दिवस मनाया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को टीबी बीमारी के लक्षण, परीक्षण, और उसके ईलाज, एवं ईलाज के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलने वाले आर्थिक सुविधाओ के बारे में सीएचओ प्रभा साहनी जी की उपस्थिति में पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही पंचायत के सदस्यों और समुदाय के लोगो के सहमति से टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर टीबी चैंपियन अनुज चापराला भी उपस्थित होकर उन्होंने गांव वालो के साथ टीबी संक्रमण के दौरान उनके साथ हुई कठिनाइयों और संक्रमण से ठीक होने के बाद के अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे गांधी फेलो गोपीनाथ पात्रा जी, मितानिन एमटी दीपाली जी, मितानिन और पंचायत के प्रतिनिधि एवं समुदाय के अन्य लोग भी उपास्थित रहे।

### डी माइनिंग के दौरान 21 आईईडी बरामद



**बीजापुर, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पालनार से सावनार के मध्य चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा ड्यूटी हेतु डीआरजी, बस्तर फाइटर, केरिपु 85, 222, कोबरा 202 एवं 222 बीडीएस व बीजापुर की टीम डी-माईनिंग पर निकली थी। डी-माईनिंग के दौरान पालनार-सावनार रोड के मध्य 21 आईईडी बरामद किये गये। माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को क्षति पहुचाने के उद्देश्य से 10-20-50 मीटर की दूरी पर 3-5 किलो के 21 आईईडी प्रेशर स्वीच सिस्टम से लगाये गये थे। आईईडी रोड पर, रोड के किनारे पेड़ के छाव में लगाये गये थे। सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबुझ से डी-माईनिंग कार्यवाही के दौरान माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल करते हुए 21 आईईडी बरामद कर मौके पर निष्क्रिय किया गया। क्षेत्र में माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पालनार में फारवर्ड बेस कैम्प स्थापित किया गया है। कैम्प स्थापना के बाद से क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

### गुरु घांसीदास जयंती पर 18 दिसम्बर को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2023-24 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 18 दिसम्बर 2023 दिन सोमवार को गुरू घांसीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफ़एल -7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय तथा परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### जिला,जनपद,पंचायत स्तर पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**बीजापुर, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित समाज सेवक, गणमान्य नागरिकगणों ने स्वस्फूर्त होकर श्रमदान किया। डीआरजी, पुलिस बल, वन विभाग, खेल अकादमी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से जिला, जनपद एवं पंचायत स्तरों पर भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# एड्स के प्रति जागरूकता ही बचाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 17 दिसम्बर।** विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के मौके पर शासकीय उच्चतर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से छात्र छात्राओं के द्वारा रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव एवं कारण का जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में बढ़ कर छात्र- छात्राओं के द्वारा भागीदारी ली गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ के चेलापति राव स्त्रढ्ढ काउंसलर प्रमोद पटेल, कमलूराम ताती, क्षय रोग नियंत्रण से मनीष साहू डीपीसी, नरसिंग रत्नाकर टीबी एचआईवी कोर्डिनेटर, ओनेश दुर्गम, गोपीनाथ पत्रा पीरामल, प्राचार्य प्रभारी बीएल शर्मा व अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु पुरुस्कार वितरण किया गया साथ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विशेष उपहार दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में जिला नोडल अधिकारी एवं, काउंसलर के द्वारा एचआईवी के चार कारणों 1 संक्रमित मां से बच्चे को 2 संक्रमित ब्लड चढ़ाने से 3 संक्रमित सुई से 4 असुरक्षित यौन संबंध से एवं सभी से बचाव के उपाय भी बताए गए और साथ में टोल फ्री नम्बर 1097 में कॉल कर अधिक जानकारी ले सकते हैं। जिला चिकित्सालय के आईसीटीसी केंद्र में निशुल्क जांच एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

## सीजी पीएससी प्रीलिम्स के लिए निःशुल्क टेस्ट सीरीज

जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित बीजापुर कैरियर अकादमी में आगामी छ्वस्क्कस्ष्ट 2023 प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज प्रारंभ की जा रही है, जिसका पहला टेस्ट 18 दिसंबर 2023 दिन शनिवार से होगा इस टेस्ट सीरीज में 2 स्नश्चद्व ञ्जद्गह्यह्ल सहित कुल 12 टेस्ट होंगे। पंजीयन के लिए जैतालुर रोड नवोदय विद्यालय के सामने कार्यालय कैरियर एकेडमी बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं तथा मोबाईल नम्बर 7999693304, 9723196563 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने107 युवा जांजगीर रवाना

### कलेक्टर की विशेष पहल पर युवाओं को मिली निःशुल्क वाहन की सुविधा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 17 दिसम्बर।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन जांजगीर चांपा जिले के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन में 20 दिसम्बर तक किया जा रहा है। ज्ञात हो कि अप्रैल माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 17 दिसम्बर को आयोजित होगी। इसमें शामिल होने हेतु कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इस रैली में शामिल होने के लिए जिले के 107 युवाओं को 03 बसों को आज सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कोड़ेजुंगा से जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर जांजगीर के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि युवाओं द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए कलेक्टर ने इसमें शामिल होने निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप आज उपस्थित 107 अभ्यर्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, साथ ही परीक्षा में सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी।

# नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थानों में की गई सफाई
- जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व नागरिकों ने निभाई सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 दिसम्बर।** बीजापुर जिले में आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत् विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। उल्लेखनीय है कि विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के तहत् जिले में आज से 16 दिसम्बर तक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की विशेष पहल की जा रही है। स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी बढ़.चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत जनसामान्य को घरों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षा, शौचालय का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



### बीजापुर के नेलसनार, नैमेड़, मुरकीनार एवं मद्देड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया

# प्रधानमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 17 दिसम्बर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार 16 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ें और भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर उनके घर-परिवार में आयी खुशहाली की बधाई दी और विकसित भारत की सपना को साकार करने में निरंतर सहभागिता निभाने कहा। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से जुडें और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहभागी बनने की आवश्यकता बताई। बीजापुर जिले में 16 दिसम्बर को भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेलसनार, बीजापुर ब्लॉक के ग्राम नैमेड़, भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम मद्देड़ एवं आवापल्ली ब्लॉक के पंचायत मुरकीनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नेलसनार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम सहित अधिकारी कर्मचारी और अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया। वहीं सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने शपथ लिया। इस मौके पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की यह संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत तक जायेगी और मोदी सरकार की गारंटी योजना को हर जरूरतमन्द लोगों तक पहुंचाएगी। सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने के साथ ही भारत सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने पूरी शिद्दत से कार्य किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### डीपीडीपी, बीपीडीपी एवं जीपीडीपी के संबंध में दिय गया प्रशिक्षण



**जगदलपुर, 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जन योजना अभियान (पीपीसी) के अंतर्गत, जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) और इसमें एनआरएलएम द्वारा संचालित वीपीआरपी (विलेज प्रोस्पेरिटी एंड रेजिलिएंस प्लान) के संदर्भ में प्रशिक्षण सह कार्यशाला बस्तर जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के नेतृत्व में सभी लाइन डिपार्टमेंट्स के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। बैठक में जन योजना अभियान (पीपीसी) के माध्यम से विभागों की भूमिका पर चर्चा की गई और योजना के अंतर्गत विभागों के रिसोर्स एनवॉल्प और आगामी दिनों में होने वाली ग्राम सभाओं में विभिन्न विभागीय मैदानी अमले के ग्राम पंचायतों में उपस्थित रहने पर चर्चा की गई। इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, मनरेगा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और साथ ही विभागों को आगामी ग्राम सभाओं के लिए रिसोर्स एनवॉल्प और गतिविधियों की योजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए। इसमें नेतृत्व और संबंधित विभागों के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक का संचालन आरजीएसए, एनआरएलएम, पीपीआईए फेलो, और टीआरआई बकावण्ड टीम ने किया।

### कांकेर विधायक नेताम व कलेक्टर हुए वीसी में शामिल



**उत्तरबस्तर/कांकेर, 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी रायपुर से वर्चुअली माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों से जुड़कर यात्रा के संबंध में संवाद किया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल भी शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों में शुभारंभ के साथ ही जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो गया है, जो कि 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। इस यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आईईसी मोबाइल वैन गांव-गांव तक पहुंचेगी। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक फसलें आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन को विधायक नेताम ने दिखाई हरी झंडी



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम सहित कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल तथा जिला पंचायत के सी.ई.ओ सुमित अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पहुंची मोबाइल वैन को जिले के विभिन्न गांवों के लिए हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कटआउट के साथ सेल्फी जोन में तस्वीर भी खिंचवाई। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत इस आईईसी मोबाइल वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जिले के विभिन्न गांवों में जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उक्त यात्रा का जिला स्तर पर शुभारम्भ रविवार 17 दिसम्बर को किया जाएगा।

## एक नजर

### मुठभेड में एसआई शहीद,कांस्टेबल घायल

**सुकमा 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की दिनांक 17/12/23 की सुबह 7 बजे थाना जगरगुंडा अंतर्गत कैंप बेदरे से सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकले थे । ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई । घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये । घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया जा रहा है। आस पास के इलाके को सर्च करने पर 4 संदिग्धों को पुलिस कब्जे में लिया गया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की जा रही है।

### माओवादियों का अस्थायी कैम्प ध्वस्त



**सुकमा 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम, गंगालूर एलओएस कमाण्डर दुला कारम, गंगालूर एरिया आरपीसी कमलू पूनेम एवं 15-20 अन्य सशस्त्र माओवादियों के कोरमा-मुनगा के जंगलों में उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 की संयुक्त कार्यवाही।कोरमा के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेढ़ में माओवादियों के अस्थाई कैम्प को ध्वस्त किया गया।कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, माओवादी वर्दी, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद।क्षेत्र में सघन गशत अभियान है जारी इस बात की जानकारी पुलिस ने प्रेस नोट के जारी कर बताया।

### ड्यूटी में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाईः कलेक्टर

**सुकमा 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान विकासखंड सुकमा के प्राथमिक शाला रामपुरम की प्रधान अध्यापक श्रीमती गीता साहू एवम् संकुल समन्वयक श्री सुरेंद्र प्रताप राज को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पर कार्यवाही नहीं करने को लेकर कलेक्टर ने बीईओ सुकमा पर नाराजगी जताते हुए, कोताही बरतने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान संकुल समन्वयकों द्वारा निरीक्षण में कोताही बरती जा रही है, उन्हे एक सप्ताह का समय, शाला त्यागी बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं कराने वाली बात पर चंद्रशेखर सोरी एबीईओ छिंदगढ़, देवांगन बीइओ सुकमा, प्रफुल्ल डेनियल एबीइओ सुकमा पर नाराजगी जताई। अपने काम के प्रति लापरवाह शिक्षक, संकुल समन्वयक पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश।

### बाबा की जयंती पर सतनाम समाज ने शहर में निकाली शोभायात्रा

**महासमुंद 17 दिसंबर।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शनिवार को सतनाम समाज द्वारा शहर में बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा की शुरुआत बेमचा भाठा स्थित सतनाम भवन से हुआ जो एकता चौक तुमगांव ओव्हरब्रिज से होते हुए शहर में पहुंची। इस दौरान बग्गा चौक में स्वागत हुआ बाद यात्रा स्वामी चौक, नेहरू चौक, कचहरी चौक, बरोंडा चौक होते हुए शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन पहुंच समाप्त हुई। बाद भवन में समाज के द्वारा मंचीय कार्यक्रम हुआ जहां पर सतनाम समाज के द्वारा सर्व समाज प्रमुखों का स्वागत कर सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने नगर पालिका के समक्ष यात्रा का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का किया वर्चुअल शुभारंभ

## समयबद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से इस आयोजन में उपस्थित रहे। कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, एसएसपी श्री सदानंद कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी उपस्थित रही।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरी नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है। इस वातावरण को बनाने में यह संकल्प बहुत काम आयेगा। आप सभी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएं।

स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनायेगी तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे है, जिसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की। इस मौके पर विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुड़कर लाभान्वित हो सके। इस दौरान विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड सहित नगरीय क्षेत्र के लिए एक वैन मिलेंगे। वर्तमान में 4 वैन आ चुके है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया है, जो बनाये गये निर्धारित रूट चार्ट के हिसाब चलेगी। यह कार्यक्रम आगामी 24 जनवरी आयोजित होगी। जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे-स्वच्छ भारत मिशन,आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधाए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।

इस अवसर पर श्री गुरूपाल भल्ला, श्री उमेश अग्रवाल, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभागों ने लगाये स्टॉल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में विभागों ने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये थे। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बीसी सखी सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन/सुधार केन्द्र, आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड, आधार सुधार पंजीयन आदि शामिल थे। विभागों द्वारा इन सभी योजनाओं की जानकारी लोगों को प्रदाय की जा रही थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, खरसिया तथा बिलाईगढ़ एवं भटगांव में किया गया। तहसील धरमजयगढ़ का न्यायालय रिक्त होने से वहॉ के प्रकरणों का निराकरण तहसील घरघोड़ा में किया गया। जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित जिला अधिवक्ता संघ से अधिवक्तागण तथा राजीनामा हेतु उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन एवं विधिक प्राधिकरण के स्टॉफ उपस्थित रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन हुआ है। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे- मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 3304 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 27723 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। रखे गये कुल 31027 प्रकरणों में से लंबित 2522 एवं प्रीलिटिगेशन 20365 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 22887 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित ब्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया।

# 2 नक्सलियों को विस्फोटक सामग्रीं का परिवहन करते पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 दिसंबर।** सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ.ग.), अरविन्द राय,उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, के

मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, नवीन कुमार, कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ, विजय प्रताप, कमाण्डेन्ट, 201 वाहिनी कोबरा के निर्देशन तथा प्रभात कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, अकाश मरकाम, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा, विजय सिंह राजपूत, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान चलाये जा रहे है इसी तारतम्य में दिनांक 12.12.2023 को थाना चिंतलनार से उप कमाण्डेन्ट रमेश कुमार के हमराह 223 वाहिनी सीआरपीएफ का बल, सहायक कमाण्डेन्ट हरीश चन्द मनोरी के हमराह 201 वाहिनी कोबरा का बल, सउनि. नन्दा मरकाम, डीआरजी प्रभारी के जिला बल और डीआरजी बल और 201 बटालियन के साथ कैंप नरसापुरम से सहायक कमांडेंट श्रवण कुमार भी शामिल हुए।कोबरा का बल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन/ कार्डन सर्च अभियान हेतु ग्राम मोरपल्ली, तिम्मापुरम, पेद्दोड़केल, चिन्नाबोड़केड़, जब्बागट्टा व आस-पास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम तिम्मापुरम जंगल के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति हाथ में थैला रखे जो पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देख कर भागने/छिपने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्धों से पुछताछ करने पर अपना नाम 01. हेमला जोगा स्व. भीमा उम्र 40 वर्ष, 02. सोड़ी दुला पिता स्व. हिड़मा उम्र 35 वर्ष, दोनों साकिनान ग्राम तिम्मापुरम गोल्लापारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा को होना तथा पुलिस को देखकर भागने का कारण पूछने पर संतोष जनक जवाब नही दिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों के थैले की चेकिंग करने पर सोड़ी दुला से 05 नग डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर गांठ लगा हुआ, 03 मीटर लगभग इलेक्ट्रिक वायर प्रेशर स्वींच लगा हुआ, 01 बंडल इलेक्ट्रिक वायर, सोड़ी दुला से 03 नग जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स वायर गांठ लगा हुआ, 02 मीटर लगभग इलेक्ट्रिक वायर प्रेशर स्वींच लगा हुआ, 01 गुच्छा इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया। उक्त सामाग्रियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में वे दोनों पेद्दाबोड़केल आरपीसी अन्तर्गत ÷डीएकेएमएस सदस्य÷ के पद पर कार्य करना तथा बड़े नक्सली कमाण्डरों के कहने पर विस्फोटक सामाग्रियों का परिवहन करना बतायें।उक्त कृत्य विधि के विरूद्ध पाये जाने से दोनों के विरूद्ध थाना चिंतलनार में अप. क्र. 07/2023 धारा 4, 5 वि.प. अधि.के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये, दिनांक 12.12.2023 को विधिवत् गिरफ्तार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## समाचार संक्षेप

### केरिपुबल के जवान ने ब्लड देकर स्थानीय गर्भवती महिला की बचाई जान

**सुकमा 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आज एक महिला जिसका नाम दोलेश्वरी उम्र 22 वर्ष, पति सोनू ग्राम-



मणीकोन्टा, दोरनापाल पंचायत के निवासी है जिसमे ओ गर्भवती महिला की एनिमिया रोग के कारण प्रसव के दौरान अचानक तबियत खराब हो गई और उसको ईलाज हेतु जिला अस्पताल सुकमा में ले जाया गया। जहाँ ईलाज के दौरान चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि आपको क्ब्ल ब्लड की शख्त आवश्यकता है। जो जिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं था। महिला मरीज का भाई प्रेम सोमनाथ, ग्राम-बोधागुड़ा, थाना-सुकमा ने 02 वाहिनी, के.रि.पु.बल सवरीनगर सुकमा आकर कमाण्डेन्ट 02 वाहिनी, केरिपुबल से ब्लड उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया जिसके पश्चात 02 वाहिनी केरिपुबल कमाण्डेन्ट ने तुरन्त आकस्मिक स्थित को देखते हुए अपने जवानों को इसके बारे में बताया। जिनका ब्लड ग्रुप क्ब्ल था, उसको वाहन द्वारा तुरन्त जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ सिपाही / जीडी अभिजीत मेधी मुख्यालय / 02 वाहिनी, केरिपुबल, ने अपनी स्वेच्छा से एक यूनिट ब्लड देकर उस महिला की जान बचाई। इस तरह के पहल की उक्त महिला के परिवार वालों व जिला चिकत्सालय के कार्मिकों ने भुरी-भुरी प्रशंसा की, पहले भी कई बार आकस्मिक स्थिति के दौरान 02 वाहिनी केरिपुबल के जवानों द्वारा ब्लड देकर स्थानीय नागरिकों की जान बचाई गई है।

### 25 खण्डपीठों का गठन कर किया गया मामलों का निराकरण

**महासमुंद 17 दिसंबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद, (छ0ग0) के सचिव, श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश, श्री भीष्म प्रसाद पांण्डेय, के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद सहित तहसील स्थित पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम, जिला पंचायत एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 25 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेषन संबंधीत मामलों में विभिन्न बैंकों रिकव्हरी के कुल 3301 प्रकरण, विद्युत संबंधित 3473 प्रकरण, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सम्पति कर व जल कर के एक तथा श्रम विभाग से संबंधित 240 प्रकरणों एवं राजस्व न्यायालय एवं जिला पंचायत मनरेगा के 36169 प्रकरणों का निराकरण किया गया।



**सुकमा 17 दिसंबर।** जिले छिंदगढ़ जनपद के पकेला पंचायत के पकेला पोटाकेबिन के पास चावल से लड़ा ट्रक पलट गया वही ट्रक ड्राइबर दिनेश यादव ने बताया कि गाड़ी का चेचिस बोल्ट टूटने के कारण गाड़ी पलटी हो गया जिसमे ट्रक चालक को थोड़ा सा चोट आया है आये दिन एनएच 30 पर हादसा होता रहता है अभी कुछ दिन पहले वही पकेला में ट्रक और बाइक सवार से जबरदस्त टक्कर हुआ था जिसमे बाइक सवार के मौत हो गया था।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिले में पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 दिसंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का प्रदेश में आज 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। जिले में केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। इस क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत भवन छिंदगढ़ और ग्राम पंचायत झापरा से विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को रूट एवं वाहन प्रभारी के साथ निर्धारित अलग-अलग ब्लॉक में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रचार रथ का उत्साह से स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस. एस, एसपी श्री किरण चव्हाण, एसडीएम छिदगढ़ श्री प्रताव विजय खेस्स, एसडीएम सुकमा श्री प्रीति दुर्गम, सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया, जनपद पंचायत सीईओ श्री जीएस जागड़े सहित श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकाम, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित लोगों मे समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाएगा।कार्यक्रम में संबंधित विभागों ने हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्वास्थय विभाग, आयुष्मान पंजीयन , साथ ही टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन की स्टाल लगाकर जैसी अन्य योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

इस स्टाल लगाकर 165 लोगो की स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड 5, एनसीडी 50, टीबी 12 लोगो को जांच किया गया। साथ ही उज्जवल योजना के तहत 57 लोगो का ई केवाईसी किया गया।उल्लेखनीय है कि यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्व-सहायता समूह, कृषि गतिविधियों के आयोजन, केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा उनका अनुभव साझा किया जाएगा। साथ ही प्रचार वैन के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, जन धन योजना, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे इन योजनाओं के लाभ जिले के शत-प्रतिशत लोगों को तक पहुंचाया जा सके।

# सर्वधर्म समभाव का प्रतीक तिल्दा नेवरा का पंचकल्याणक

## प्रसन्न मुद्रा में महातपस्वी ने तिल्दा नेवरावासियों को दिया मंगल आशीष, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी दिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 17 दिसम्बर।** धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में परम पूज्य संत शिरोमणी दिगंबर जैनाचार्य 108 विद्यासागरजी महामुनिराज जी के ससंघ सानिध्य ओर उनके परम शिष्य बाल ब्रह्मचारी वाणी भूषण विनय सम्राट भैया जी के प्रतिष्ठाचार्यत्व में आयोजित श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महामहोत्सव सर्वधर्म समभाव का प्रतीक बन गया परम पूज्य आचार्यश्री ने महामहोत्सव के अंतिम दिन प्रसन्न मुद्रा में तिल्दा नेवरा वासियों के साथ साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी को भी बहुत बहुत आशीर्वाद दिया।

महामहोत्सव के अंतिम दिवस मोक्ष कल्याणक के बाद दोपहर के समय गजरथ फेरी हुई जिसमें सौधर्म इंद्र ईशान इंद्र कुबेर इंद्र सहित सभी इंद्र इंद्राणियाँ रथों में विराजमान हुए गजरथ फेरी में आचार्यश्री के परम प्रभावक शिष्य पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री प्रसाद सागर जी पूज्य मुनिश्री चन्द्रप्रभ सागर जी पूज्य मुनिश्री निरामय सागर जी भी साथ चल रहे थे कर्नाटक की झांझ मंडली पचरंगा ध्वज लहराते हुए गाजे बाजे के साथ अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए भगवान के प्रति श्रद्धा भक्ति के भावों को जन मन मे ओर भी अधिक बढ़ा रही थी सात परिक्रमा होने के पश्चात श्रीजी का अभिषेक हुआ तत्श्चात आचार्य भगवन के अनमोल वचनों का मंगल आशीर्वाद मिला।

**पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किये दर्शन:** पूर्व मंत्री और भाजपा के लगातार आठवी बार सर्वाधिक मतों से जीतने वाले विधायक बृजमोहन अग्रवाल सपत्नीक शाम को तिल्दा नेवरा स्थित नवनिर्मित जैन मंदिर पहुचे जहां मन्दिर जी मे दर्शन करने के उपरान्त उन्होने पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री प्रसाद सागर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिए इस दौरान पूज्य मुनिश्री ने उन्हें लेखक लज्जाराम तोमर की पुस्तक भारतीय शिक्षा के मूल तत्व की प्रति आशीर्वाद स्वरूप देते हुए भारतीय शिक्षा के मूल तत्व के बारे में बताया और वतन की कमान निःशुल्क ऑन लाइन खुली किताब प्रतियोगिता 23 से 30 जनवरी 2024 की जानकारी भी दी भारत को प्राचीन समृद्धशाली भारत बनाने इस पुस्तक पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन आचार्यश्री के मंगल आशीर्वाद व प्रेरणा से किया जा रहा है, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इसके पश्चात पूज्य आचार्यश्री के समक्ष पहुचकर नमोस्तु करते हुए उनसे आर्शीवाद लिया।

**सर्वधर्म संभाव सभी का हुआ सम्मान:** श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक आयोजन समिति ने महामहोत्सव के अंतिम दिवस सम्मान समारोह में सिंधी पंचायत सभा के प्रमुख छम्मन दास जी पूज्य राधास्वामी सत्संग के इन्दर हरिरामानी पूज्य झूलेलाल मन्दिर धन्नालाल खत्री पूज्य माहेश्वरी सभा के संतोष भट्टर, अग्रवाल सभा के ओम अग्रवाल घनश्याम अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु सीएमओ जनपद पंचायत पार्षद प्रदीप अग्रवाल लुकराम बघेल संजय राठी बैजू शर्मा बंटी राठी तहसीलदार राज्य विद्युत वितरण विभाग टीआई पुलिस थाना स्वस्थ्य विभाग लोकनिर्माण विभाग ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा नन्दू लालवानी निकेश लोहाटी प्रेमचंद बागड़िया जगदीश सिंघानिया राजेन्द्र केशरवानी बिक्की केशरवानी ललित अग्रवाल संजय अग्रवाल शिव अग्रवाल भीखम अग्रवाल जितेंद्र अग्रवाल प्रमोद सोनी जितेंद्र शर्मा बनवारी सोनी बालू सोनी कान्हा अग्रवाल मोंटी अग्रवाल गौरव शर्मा रजेश अग्रवाल पारस चेनल के डायरेक्टर प्रकाश मोदी राजेश जैन रायपुर मनीष जैन राजेश रज्जन जैन(मंच संचालन) नरेंद्र जैन गुरुकृपा संजय कुमार नायक रायपुर मनीष जैन मंडला वाले रायपुर पत्रकार सर्वश्री नरेंद्र शर्मा इंदर कोटवानी दिलीप वर्मा प्रदीप जैन विश्व परिवार अनिल अग्रवाल सुरेन्द्र जैन धरसीवा सांकरा शुभम पांडे संजय सेन मोहन राजपूत आदि सभी का विशेष सहयोग के लिए सम्मान किया।

**सवाई सिंघई की उपाधि:** पूज्य आचार्यश्री के मंगल आशीर्वाद से तिल्दा नेवरा सिमगा सांकरा अकलतरा रायपुर सहित प्रदेशभर ओर पड़ोसी राज्यो से आई जैन समाज ने जैन समाज अध्यक्ष मनोज कुमार महेंद्र कुमार जैन को सवाई सिंघई की उपाधि से सम्मानित किया।

### परस्परोपग्रहो जीवानाम की भावना रखें सभी के प्रति: आचार्य श्री विद्यासागर

पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महामुनिराज जी ने अपने वचनों के माध्यम से देश के कोने कोने से आये लोगो को शुभ सन्देश देते हुए कहा कि परसपरोपग्रहों जीवानाम की भावना रखें परस परोप अर्थात एक दूसरे के प्रति उपकार की सहयोग की भावना हमेशा बनाये रखें जब तक एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रहेगी धर्म भी तब तक जीवित रहेगा आचार्यश्री आगे कहा कि यह धान का कटोरा है जब हम विहार करते आ रहे थे धान की फसल खेतों में खड़ी थी धान किसान पैदा करते हैं वह खुश रहेंगे तो धान का कटोरा भी सदा भरा ही रहेगा आचार्यश्री ने मेघों का उदाहरण देते हुए कहा कि काले वादल भी तपती धरती को देखकर रो पड़ते हैं अर्थत बारिस करते हैं इस दृष्टांत के माध्यम से आचार्यश्री ने एक तरह से सभी प्राणियों की सेवा दिन दुखियों की सेवा का शुभ सन्देश दिया।

पूज्य आचार्यश्री ने कहा आप लोगो ने अहिंसा प्रेमियों को चुनकर भेजा है भारत अहिंसक राष्ट्र रहा है आचार्यश्री ने परिग्रह यानी जमाखोरी न करने की सीख देते हुए कहा कि इससे महंगाई बढ़ती है देखो जमाखोरी से प्याज महंगी हुई थी तो अटल जी की सरकार चली गई थी इसलिए जमाखोरी न कर अहिंसक सरकारों का सहयोग करें महंगाई न बढ़ने दें यह सब जनता के ही हाथों में है किसी भी वस्तु का संग्रहण न करें कुछ समय पहले टमाटर सौ डेढ़ सौ हो गया था यह सब संग्रहण करने से होता है

पूज्य आचार्यश्री ने यह भी कहा कि कभी जीवन मे घमंड न करे पूज्य आचार्य ने प्रसन्न मुद्रा में सभी को आशीर्वाद देते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया आचार्यश्री ने कहा कि भारत बसा उनसे जिनका तो घर न बसा। उक्त पंक्तियों के साथ आचार्यश्री ने कहा कि उन्होंने भारत को भारत बनाने अपना घर तक नहीं बसाया आज भारत मे अहिंसा का राज हो रहा है राष्ट्रपति भवन में विदेशी मेहमानों को भी भांरतीय शाकाहारी व्यंजन दिए जाते है यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं आचार्यश्री ने अपनी भांरतीय संस्कृति के अनुसार जीवन मे शाकाहार अपनाने ओर मांस मदिरा से दूर रहने का शुभ सन्देश दिया।

## एक नजर



तिल्दा-नेवरा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मढीखपरी में इन्टक के द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में भाग लेने काग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी श्रमिक सम्मान समारोह के पहले मां बंजारी की पूजा अर्चना की ओर श्रमिको के बीच उपस्थित हुए।

### 20 दिसम्बर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 20 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक हर्ष एग्रो लवन रोड बलौदाबाजार द्वारा सेल्स मेन (पुरूष) के 8 पद, योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष अनुभव, उम्र 35 वर्ष, वेतन 7 हजार रूपये तक कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी होगा। ओरियन एजुकेशन सोसायटी बलौदाबाजार द्वारा मेसन ट्रेनर के 4 पद, योग्यता आईटीआई, पालिटेक्नीक, बीटेक उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 45 वर्ष तक, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये, काउंसलर के 2 पद योग्यता फिजियोलॉजी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष तक, वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपये तक, मोबिलाइजर के 4 पद योग्यता बारहवी उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपये तक, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। स्वतंत्र माईक्रो फायनेंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा सेल्स आफिसर के 50 पद, योग्यता दसवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, रिलेशनशिप आफिसर के 5 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727-299443 में सम्पर्क कर सकते है।

### विदेश व्यापार को बढ़ावा देने जिले को निर्यात केंद्र के रूप में किया जाएगा स्थापित

**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जिले में पहली बार एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाक्ष में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर चंदन कुमार ने की। कार्यशाला में जिले के राइस मिलर्स, दाल मिलर्स, पोहा मिलर्स सहित अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जिले को निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने तथा उद्यमियों को अपने उत्पाद का निर्यात विदेशों तक करने में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि भारत सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से आयात- निर्यात प्रकिया को ऑनलाइन कर दिया गया है जिससे घर बैठे ही अपने उत्पाद का निर्यात कर सकते हैं। अब सभी सिस्टम ऑनलाइन हो गया है जिसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस वस्तु का उत्पादन किया जा रहा उसकी गुणवत्ता के बारे में जानना जरूरी है। इसके अनुसार ही उस वस्तु को विदेश निर्यात करने की तैयारी करना चाहिए ताकि विदेश भेजने पर गुणवत्ता के मामले में असफल न हो। भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय के वेसाइट पर दी गई जानकारी से अवगत होकर निर्यात की प्रक्रिया को समझा जा सकता है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया शुभारंभ

# पीएम हितग्राहियों से हुए वर्चुअली रूबरू

- जिले में अर्जुनी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत
- शिविर स्थल में मिला हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, समस्याओं का भी हुआ निदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 16 दिसम्बर को किया।प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों से जुड़कर हितग्राहियों से चर्चा किया। बलौदाबाजार विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक वर्मा ने कहा की पिछले 9 साल में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के कार्यकाल में देश काफी आगे बढ़ा है। अमीर और गरीब की खाई को दूर करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए पक्का आवास की चिंता की और उन्हें पीएम आवास योजना से पक्का आवास दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार गठन होते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिलेगा। हर घर मे नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन से सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना को घर- घर एवं जन -जन तक पहुंचाना है। गरीब आदमी भी उन्नति करे इसी सोच को लेकर आगे बढ़ना है।

कार्यक्रम में सबसे पहले एलईडी वैन का स्वागत किया गया । इस एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना गया। इसके पश्चात हमारा संकल्प विकसित भारत अन्तर्गत शपथ ली गई। मैरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। ईश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास मिलने से पक्का घर बन गया है । संतोषी वर्मा व तेजी साहू ने बताया कि शौचालय नही था तो धूप व बारिश में बाहर जाना पड़ता था अब घर मे में शौचालय बन जाने से बाहर जाने की जरूरत नही पड़ती। गोमती साहू एवं रजनी साहू ने बताया कि उनके बेटे का वजन कम था। कुपोषित की श्रेणी में था।आंगन बाडी मिलने वाले पोषण आहार मिला जिससे अब तंदुरुस्त है। नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत सालाना मिलता है जिससे खेती किसानी में काम आता है0।भुनेश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर मिला है। अब लकड़ी से चूल्हा जलाना नही पड़ता जिससे धुएं से मुक्ति मिली है। हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ - कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के करीब 32 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसमे खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 5 हितग्राही, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल 5, कृषि विभाग स्पेयर पम्प 7, आयुष्मान कार्ड 10, महिला बाल विकास द्वारा 5 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग,एनआरएलएम आदि के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई । इस स्टाल में विशेष रूप से राजस्व, बैंकिंग एवं स्वास्थ्य संबंधित लोगों की समस्याओं का भी निदान किया गया। इस अवसर में स्कूली बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले संस्थाओं के बच्चो को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, सरपंच प्रमोद जैन, विजय केशरवानी अशोक जैन, डोमन सिंह, योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सूने मकान से लाखों रुपए की चोरी करने वाले चार अपचारी बालकों को लिया अभिरक्षा में



**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया श्रीमति नोबिता यादव 13 दिसम्बर को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, जिसमें प्रार्थिया द्वारा उनके दो निवास स्थल भाटापारा तथा हथबंद में होना, जिसमें से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को हथबंद वाले निवास में आकर रहना उल्लेख किया गया हैं। कि 21 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बच्चो का स्कूल में परीक्षा चल रहा था। इस बीच में हम सभी लोग हथबंद अपने निवास पर नहीं आ पाये थे, उसके पश्चात जब 9 दिसम्बर को हथबंद अपने निवास पर जब आये तो, घर स्टोररूम (बाथरूम) में रखे सोने चांदी के आभूषण, अंगुठी, हार, लाकेट, फुल्ली, पायल आदि कुल कीमती 4, 15, 000 (चार लाख पंद्रह हजार रूपये) किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व विवेचना दौरान प्रकरण मे संदेही 04 अपचारी बालकों से पुछताछ किया गया, जिसमें अपचारी बालकों द्वारा चोरी करना कबुलने से विधि से संघर्षरत 04 बालको के मेमोरेण्डम कथन पर चोरी गये संपूर्ण मशरूका सोने चांदी के जेवर कीमती 4,15,000 को बरामद किया गया है।

- अपचारी बालकों ने ग्राम हथबंद में 4,15,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का आभूषण किया था चोरी
- प्रकरण में चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद करने में मिली है सफलता

### हाथ छोड़कर मोटरसाइकिल चलाते हुए स्टंट करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने सिखाया सबक

**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार एवं भाटापारा में समस्त प्रवेश मार्ग एवं प्रमुख चौक-चौराहों में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु उच्च कोटि के सीसीटीवी कैमरा लगाकर सिटी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना की गई है। इस सिस्टम की सहायता से कानून व्यवस्था बनाए रखने में



जिस प्रकार अविश्वसनीय मदद मिल रही है, ठीक उसी प्रकार यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की पहचान में भी काफी मदद मिल रही है। इसकी सहायता से तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वाले चालकों की पहचान कर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बलौदाबाजार शहर के गार्डन चौक में एक वाहन चालक को सफेद रंग के अपने स्कूटर मोटरसाइकिल क्र. छत्र04 ।।ग्र 5537 में स्टंट मारते हुए पहचान की गई। आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन में एक अन्य व्यक्ति को पीछे बैठाकर अपना हाथ हैंडल से छोड़कर बहुत ही खतरनाक ढंग से वाहन चलाया जा रहा था। यह स्टंट स्वयं उसके लिए तथा आने जाने वाले अन्य लोगों के लिए भी बहुत घातक सिद्ध हो सकता था। बलौदाबाजार सिटी सर्विलांस सिस्टम की सहायता से तत्काल इस वाहन चालक की पहचान तिलक सारथी पिता श्याम कुमार सारथी उम्र 24 साल निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली के रूप में की गई।

# शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में 6 स्कूलों के 600 बच्चों ने लिया हिस्सा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 17 दिसम्बर।** तीन दिवसीय संकुल स्तरीय शालेय क्रिड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के ग्राम कोण्डेकसा खेल मैदान में शनिवार को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीत गुहा नियोगी व विशेष अतिथि जगन्नाथ स्टील एण्ड पावर लिमिटेड के एचआर एडमीन हेड एसके राउत राय, डीजीएम सुरेश कुमार, एजीएम राधाकृष्णा पटनायक, लेखापाल डी दत्ता प्राचार्य एस थामस तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच पांचोबाई मरकाम एवं उपसरपंच नीलधारी यादव उपस्थित थे।

सर्वप्रथम विषेष अतिथि एसजेएसपीएल एचआर एडमीन एसके राउत राय द्वारा भारत माता के तेल चित्र पर धुप, गुलाल व पुष्प अर्पित कर षुभारंभ किया गया। ततपश्चात अतिथियों को मंचासीन कर पुष्प गुच्छ भेंट व स्वागत गीत गा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में राउत राय ने ग्रामीणजन व षिक्षकगण एवं आयोजन कर्ताओं को षुभकामनाएं देते हुए बच्चों को खेल के प्रति उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही खेल के अलावा पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। गांव के बच्चें खेल में उत्कृट प्रदर्षन कर ब्लाक, जिला व प्रदेष तथा देष को गौरवान्वित किया जाता है। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि जीत गुहा नियोगी ने अपने उदबोधन में जीतने व हारने वाले बच्चों को बधाई दी। तथा बच्चों को खेल से षारीरिक व मानसिक विकास होता है। षालेय स्तरीयक क्रीड़ा प्रतियोगिता में 4 प्राथमिक षाला व 2 पूर्व माध्यमिक शाला के कुल 600 बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण व षालेय षिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण, पालक गण, व वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी पूरी होगी, किसी को कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए:साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 17 दिसम्बर।** भाजपा के दिग्गज नेता छत्तीसगढ़ के वर्तमान डिप्टी सीएम अरुण साव ने अपने अपने दौरे के दौरान सांकरा में रुककर आम जानो से मिले जहा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उप मुख्यमंत्री के भेट बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहा हजारों लोगो के साथ बलौदाबजार विधायक टंक राम वर्मा ने अगुवाई की भेट बधाई कार्यक्रम का संचालन रायपुर जिला के भाजपा नेता अनिल अग्रवाल ने किया उद्बोधन में अरुण साव ने कहा की मोदी के गारंटी है और यह पूरा भी होगी किसी तरह से भ्रम में ना रहे कांग्रेस सरकार ने 5 साल एटीएम बनकर विकाश को रोका है उसे आप जनता के आशीर्वाद से फिर प्रदेश को विकाश की पटरी में लाएंगे।

वही इस आयोजन में विधायक टंक राम वर्मा ने कहा की अन्याय के सरकार के बाद अब आमजन की अपनी भाजपा सरकार आई है प्रदेश पुनः विकाश करेगा वही जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने पधारे सभी ग्रामीणों को हार्दिक आभार जतायावही साकरा जनपद सदस्य ने शत्रुहन यदु ने कहा की जीत के कुछ दिन पश्चात जिस प्रकार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने हमे और छोटे छोटे गांव में समय दे रहे हैं और आत्मीय भाव से मिल रहे है लोगो को अब मोदी की गारंटी में सुशासन का वास्तविक में अनुभव हो रहा है सांकरा सरपंच गुलापा राजकुमार यदुइस दौरान भाजपा तिल्दा शहर और ग्रामीण के राम पंजवानी, शिवशंकर वर्मा, डा सोभित वर्मा ईश्वर यदु, भागबलि साहू, मनोज निषाद, सौरभ जैन, टेकराम यादव, केयूर भूषण शर्मा, , गिरीश साहू, मौजूद रहे।



# सो जा ऐ दिल अब धुँध बहुत है तेरे शहर में अपने दिखते नहीं हैं जो दिखते हैं वो अपने नहीं




टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की लोकसभा की सदस्यता रद्द हो गई। उन्हें कैश फॉर क्वेरी यानी पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में दोषी पाया गया है।लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने उनकी सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की थी।इस रिपोर्ट के



आधार पर ही उनकी सदस्यता रद्द की गई है।इस रिपोर्ट को जब लोकसभा में पेश किया गया तो टीएमसी ने इसकी स्टडी करने के लिए कम से कम 48 घंटे का समय मांगा था।लेकिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इसे खारिज कर दिया।संसद में महुआको बोलने का मौका नहीं मिला इस रिपोर्ट पर लोकसभा में वोटिंग हुई, सांसदों का बहु मत वोट महुआ मोइत्रा के खिलाफ रहा।ये पहला मामला नहीं है जब 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में किसी सांसद की सदस्यता रद्द हुई हो।इससे पहले 2005 में भी ऐसा ही मामला सामने आया था, तब 11 सांसद इसके लपेटे में आए थे।उसमे छ्ग के भी भाजपा सांसद प्रदीप गाँधी भी शामिल थे।2005 में छत्रपालसिंह लोढ़ा भाजपा, अन्ना साहेब एम के पाटिल भाजपा, मनोज कुमार आरजेडी, चंद्रप्रताप सिंह भाजपा, रामसेवक सिंह कांग्रेस, नरेंद्र कुमार कुशवाहा बीएसपी, प्रदीप गांधी(राजनांदगांव छग) भाजपा, सुरेश चंदेल भाजपा, लालचंद्र कोल बीएसपी, वाईजी महाजन भाजपा, और राजाराम पाल बीएसपी, पर संसद में सवाल उठाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगा था।

### छग में मुख्यमंत्री विष्णु देव बोनस में मिली है कौशल्या...?

भाजपा ने रामललाऔर राममंदिर के नाम पर 2 सांसदों से देश सहित कई प्रदेशों में सरकार बनाई है, और अगले लोस चुनाव में भी राममंदिर निर्माण प्रमुख मुद्दा रहेगा यह तय दिख रहा है।हाल ही में छ्ग में सीएम विष्णु देव साय यानि 'विष्णु', मप्र में सीएम मोहन यादव यानि 'मोहन'(कृष्ण) तथा राजस्थान में सीएम भजनलाल शर्मा (ब्राह्मण) यानि 'ब्रम्हा' की भी मदद निश्चित ही मिलेगी ऐसा लगता है।छत्तीसगढ़ में तो भाजपा को विष्णु के साथ बोनस में 'कौशल्या'भी मिल गई है।पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने श्रीराम के ननिहाल के साथ छ्ग की बेटीउनकी माता कौशल्या की धरती को बड़ा मुद्दा बनाया था।उन्होंने श्रीराम वनपथ गमन का भी जोर शोर से प्रचार किया था, पर उनकीसरकार नहीं बनी, अब छ्ग की नई सरकार के मुखिया विष्णु देव साय बने हैं तो उनकी पत्नी का नाम ही कौशल्या है।उनकी सक्रियता दिखा रहीं है कि वे पति के राजनीतिक सफ़र में हम सफ़र की भूमिका अदा करेंगी।



### बीवीआर की क्या छग में होगी वापसी...

छत्तीसगढ़ कॉडर के 1987 बैच के आईएएस, कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव, वर्तमान में केंद्र सरकार के नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम को छ्ग की सरकार के मुखिया विष्णु देव साय का मुख्य सलाहकार बनाने की भी चर्चा तेज है। गुजरात में यह प्रयोग हो चुका है। छ्ग में एसीएस होम के पद पर रहते हुए इनके कार्यों की अभी तक तारीफहोती है। इन्हे छ्ग से सीधे अंतर राज्यीय प्रतिनियुक्ति पर कश्मीर का मुख्य सचिव बनाया गया था। कश्मीर की आजादी, धारा 370का पूरा



प्लान पीएम, गृह मंत्री, सुरक्षा अजीत डोभाल तथा इन्हीं ने मिलकर बनाया था।बीवीआर पहले पीएम डॉ मनमोहन सिंह फिर नरेंद्र मोदी के साथ पी?मओ में भी रह चुके हैं। यहां यह बताना जरुरी है कि छ्ग, मप्र और राजस्थान में सरकार सुचारु रूप से चलाने दिल्ली से बड़े अधिकारी के भेजने की चर्चा नौकरशाही सहित राजनीतिक क्षेत्र में जमकर चल रही है।

### जातिगत जनगणना कहीं भारी तो नहीं पड़ी...?

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 15 सवर्ण उम्मीदवारों में से 13 की हार हुई है। जातिगत जनगणना के वादों के बीच कांग्रेस के इन सवर्ण उम्मीद वारों की हार कई सवालों को जन्म दे रही है।कांग्रेस ने इस बार राज्य की विधान सभा 90 सीट में से 15 सीटों पर ऊंची जातियों के उम्मीदवार उतारे थे।इनमें से आठ ब्राह्मण उम्मीदवार भी शामिल थे। ब्राह्मण उम्मीदवारों समेत उच्च जातियों के 13 कांग्रेस उम्मीदवारों को इस बार हार का सामना करना पड़ा इन 13 उम्मीदवारों में पिछली कांग्रेस सरकार के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, मंत्री रवींद्र चौबे, मंत्री जय सिंह अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक अमितेश शुक्ला औरअरुण वोरा शामिल हैं। उच्च जाति वर्ग के केवल दो कांग्रेस उम्मीद वार राघवेंद्र सिंह और अटल श्रीवास्तव जरूर चुनाव जीतने में कामयाब रहे।तीन बार के विधायक निवर्त मान उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव कोअंबिका पुर सीट पर भाजपा के राजेश अग्रवाल के हाथों 94 वोट के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। तीन बार के विधायक और निवर्तमान मंत्री जय सिंह अग्रवाल अपनी कोरबा सीट भाजपा के लखनलाल देवांगन से 25, 629 मतों के अंतर से हार गए।ब्राह्मण समुदाय के आठ कांग्रेस उम्मीदवारों भी चुनाव हार गए हैं, अब कांग्रेस ब्राह्मण विहीन विधानसभा में हो गई है।रवींद्र चौबे साजा, अमितेश शुक्ला राजिम, महंत रामसुंदर दास रायपुर दक्षिण, विकास उपाध्याय रायपुर पश्चिम, अरुण वोरा दुर्ग शहर, पंकज शर्मा रायपुर ग्रामीण, शैलेश पांडे बिलासपुर, शैलेश नितिन त्रिवेदी बलौदा बाजार शामिल हैं। इधर भाजपा से चार ब्राम्हण विधायक बने हैं जिसमें अनुज शर्मा (धरसींवाँ) विजय शर्मा (कवर्धा) सुशांत शुक्ला (बेलतरा) पुरंदर मिश्रा (रायपुर उत्तर)शामिल हैं।विशेषज्ञों के अनुसार छ्ग में जातिगत जनगणना और ओबीसी को लुभाने की कांग्रेस की कोशिश ने ऊंची जातियों के साथ अनुसूचित जन जाति श्रेणी के उम्मीद वारों की संभावनाओं को प्रभावित किया है।



### जुनेजा के बाद कौन बनेगा पुलिस मुखिया...?

अशोक जुनेजा छ्ग में पूर्णकालीन डीजीपी 5 अगस्त 22 को बन गये थे, गृह विभाग ने आदेश में स्पष्ट लिखा था कि पुलिस बल के प्रमुख पदभार ग्रहण करने के बाद 2 साल तक इस पद पर बने रह सकेंगे। इस हिसाब से वे अगस्त24 में रिटायर होंगे पर बदली राजनीतिक परिस्थिति में कुछ भी कहा



नहीं जा सकता है?इधर डीजी पद के लिये डीसीपी का भी अभी इंतजार है।इसके बाद कुछ सीनियर आईपीएस डीजी पदोन्नत हो सकते हैं।इधर विशेष डीजी राजेश मिश्रा अगले महीने जनवरी 24 में रिटायर होंगे इसलिये ये तो दौड़ से बाहर ही हो गये हैं?वहीं अरुण देव गौतम जुलाई 27, पवन देव जुलाई 28, हिमांशु गुप्ता जून 29, एसआरपी कल्लूरी मई 31, प्रदीप गुप्ता जुलाई 31, विवेकानंद सिन्हा जनवरी 32, दीपांशु काबरा जुलाई 34 में रिटायर होंगे। इधर प्रति नियुक्ति पर होने वाले वरिष्ठ आईपीएस रवि सिन्हा जनवरी 24, स्वागत दास नवम्बर 24, जयदीप जुलाई 30 में रिटायर होंगे तो एडीजी तथा सीबीआई में संयुक्त संचालक पदस्थ रहे अमित कुमार की छ्ग वापसी हो रही है वे दिसंबर 35 में सेवानिवृत होंगे।

### और अब बस...

- » स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति (वीआरएस) की चर्चा भाजपा में तेज है। वी फॉर वसुंधरा राजे आर रमन सिंह और एस फॉर शिवराज चौहान...?
- » सरगुजा संभाग से पहली बार कोई छ्ग का सीएम बना है।
- » दिग्गजों के रहते छ्ग, मप्र में भाजपा का सीएम फार्मूला किसी को समझ में नहीं आ रहा है?

---

**एक नजर**

### आहूजा ने दी महंत व बैज को बधाई



**रायपुर, 17 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं बलोदा बाजार जिला प्रभारी अशोक राजा आहूजा ने एक विज्ञप्ति जारी कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर युवा सांसद दीपक बैज की पुन: नियुक्ति पर तथा साथ ही साथ अनुभवी एवं वरिष्ठ नेता डॉक्टर चरण दास महंत को छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए दोनों नेताओं का स्वागत किया है। अशोक राज आहूजा ने कहा कि जहां एक तरफ दीपक बैज जैसे युवा नेतृत्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस को मजबूती प्रदान कर लोकसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर करेंगे वहीं दूसरी ओर विधानसभा में अनुभवी नेता डॉक्टर चरण दास महंत जनता की आशाओं को पूरा करने में भाजपा सरकार को घेरने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। युवा एवं अनुभव का या संगम छत्तीसगढ़ कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगा और जनता की आशाओं पर खरा उतरेगा।

### विप्र नगर महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का चयन



**रायपुर, 17 दिसम्बर।** विप्र नगर सर्व ब्राह्मण समाज के महिला मंच की संगठनात्मक बैठक समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में आहूत की गई। अध्यक्षता राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने की। भगवान परशुराम की पूजा अर्चना से प्रारंभ बैठक में सर्वप्रथम स्वागत भाषण मंच के शहर सचिव कविता शर्मा ने दिया । अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रतिपादित किया । उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज के सजग प्रहरी है । समाज को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति का सशक्त होना आवश्यक है । यही वसुंधरा की पुकार है। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के महिला मंच का विधिवत गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारी निम्नानुसार है - प्रभारी -कविता शर्मा, (शहर सचिव), अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उपाध्यक्ष - रीता शर्मा, श्रद्धा उपाध्याय एवं ममता पांडे। सचिव- गायत्री शर्मा ,रश्मि अवस्थी,। सहसचिव -लीला ओझा , रश्मि शर्मा, रश्मि दीवान। संगठन सचिव - रंजना तिवारी, उषा चौबे घोषित किए गए। संचालन कविता शर्मा तथा आभार सोनिया शर्मा ने किया।

# अब महतारी वंदन योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा, महिला पकड़ाई

**रायपुर, 17 दिसंबर।** भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 1000/-रूपए दिए जाएंगे। कुछ लोगो ने फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया है। ये लोग योजना के फार्म भरवाकर पैसे ले रहे हैं।। इस तरह का गलत कार्य करते हुए कूछ लोगो को कल रमण मंदिर के कुम्हार पारा में दो लोग ऐसे ही फार्म जमा करवा रहे थे। इनमें एक महिला थी। जो कंप्यूटर से महिला समृद्धि योजना के फार्म या प्रिंट आउट से फोटो कापी करवाकर दो रूपए फार्म को और 50 रूपए अतिरिक्त वसूल रहे थे। लोगों को दोनों ने स्वयं को सीएम आफिस से भेजा गया बताया।

इसकी सूचना पर पार्षद सूर्यकांत राठौर वहां पहुंचे और महिला को मना किया। राठौर ने कहा कि अभी योजना लांच नहीं हुई है और फार्म किसके कहने पर भरवा रही है। तो वह हुज्जत करने लगी। पार्षद ने अथारिटी लेटर दिखाने कहा तो ना नुकुर करने लगी। इस पर राठौर की सूचना पर पहुंची गंज पुलिस को महिला को ले गई। इसके बाद राठौर ने अपने वार्ड, भाजपा पार्षदों और शहर के अन्य वाट्सएप ग्रुप में इसे वायरल कर सचेत किया । साथ ही राठौर ने विधायक पुरंदर मिश्रा और शहर अध्यक्ष जयंती पटेल को अवगत कराया। मिश्रा ने इसे लेकर उत्तर विस क्षेत्र में पब्लिसिटी स्वामी आत्मानंद वार्ड 39 के पार्षद अमर बंसल ने अपने वार्ड वासियों को यह जानकारी देते हुए आगाह किया है कि योजना का पालन मंत्रिमंडल गठन के बाद विधिवत किया जायेगा।जिसके संबन्ध में आवेदन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज की जानकारी शासन द्वारा दी जायेगी। इसलिए इस तरह की कोई भी गतिविधि होते आप देखते है तो तत्काल इसकी सूचना पार्षद अथवा थाने में दें।

### मादक पदार्थ हेरोईन के साथ 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 17 दिसम्बर।** कबीरनगर पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यदुवंशी चौक के पास से हेरोइन खपाने के लिए ग्राहक तलाशते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि यदुवंशी चौक के पास कुछ युवक हेरोइन खपाने के लिए देख रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने 4 व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सेवा सिंह 28 वर्ष, उमेश यदु 32 वर्ष, हरप्रीत सिंह 28 वर्ष एवं शुभम मिलन 28 वर्ष निवासी हीरापुर कबीर नगर रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) रखा होना पाया गया। जिस पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) कीमती लगभग 1,50,000 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 22(क) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# योग से ही होगा जीवन प्रबंधन



**रायपुर, 17 दिसंबर।** योग एक इंसान को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, और आत्म-संयम के माध्यम से एक संतुलित और शांत जीवनशैली अपनाने में मदद करता है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विकसित किया गया है जिसके लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करना जरूरी है। यह कहना हैद योग इंस्टिट्यूट की निदेशक गुरु माँ डॉ हँसा जयदेव योगेन्द्र का, जो 16 दिसम्बर को एक दिन के रायपुर प्रवास के दौरान 300 से अधिक अनुयाइयों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि अपने कर्मों के प्रति, श्वास के प्रति, अपने विचारों और अपने शब्दों के प्रति सजगता रखना ही योग अभ्यास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और यह अभ्यास आपको जीवन में उन्नति की ओर लेकर जाएगा।

**कर्मों के प्रति सजगता:** यहां सजगता का मतलब है कि आप जो कार्य कर रहे हैं, उसमें पूरी तरह से विनम्र और प्रशांत रहें। योग के अभ्यास से आप अपने कर्मों को माइंडफुलनेस के साथ करते हैं, जिससे आपका कार्य प्रभावी और सात्विक बनता है।

**श्वास के प्रति सजगता:** योग श्वास और ध्यान के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने में मदद करता है। योगासन और प्राणायाम से आप अपनी साँसों को नियंत्रित करना सीखते हैं, जिससे मानसिक चिंता कम होती है और आत्मा को शांति मिलती है।

**विचारों के प्रति सजगता:** योग अपने विचारों को साकार रूप से देखने और समझने में सहायक होता है। ध्यान के माध्यम से, आप अपने मन को शांत करके बेहतर विचारों की ओर बढ़ सकते हैं।

**शब्दों के प्रति सजगता:** योगी अपने शब्दों का उचित रूप से उपयोग करता है और दूसरों के साथ सहजता और समर्पण के साथ व्यवहार करता है। अच्छे विचार और शब्दों का सही उपयोग आपके आपको आगे बढ़ने में मदद करता है।

केंद्र संचालक मनजीत स्थापक ने बताया कि योग गुरु हँसा जी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन 150 से अधिक साधक शंकर नगर में योग अभ्यास करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। द योग इंस्टिट्यूट की रायपुर शाखा 105 वर्ष पुरानी अपने गुरुओं की इस विरासत को शहर वसियों तक पहुँचाने में अथक प्रयासरत हैं।

### शंकर बजाज बनाए गए पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष



**रायपुर, 17 दिसम्बर।** ख्याति पेट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के निदेशक श्री शंकर बजाज को पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री छत्तीसगढ़ चैप्टर का चेयर बनाया गया है। शंकर बजाज ने पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए अध्यक्ष के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। बजाज ने कहा कि धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्द छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण अनंत संभावनाओं का राज्य है। राज्य में ओद्योगिक विकास एवं विस्तार की अकूत संभावनाएं हैं। प्रदेश में प्रमुख उद्योग क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण, हरित ईंधन, खनन एवं खनिज, एवं वनोपज तथा पर्यटन आदि प्रमुख हैं। एक अग्रणी ओद्योगिक संस्था के रूप में पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सदैव राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर कार्य किया है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा।

### इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प 23 तक

**रायपुर, 17 दिसम्बर।** ग्राहकों की खुशी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, इसुजु मोटर्स इंडिया ने गर्व से अपने वार्षिक इसुजु आई-केयर विंटर सर्विस कैंप के लॉन्च की घोषणा की है, यह ग्राहकों को इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी की रेंज के लिये बेहतरीन लाभ और प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स की पेशकश करेगा। इसुजु सर्विस में, केयरिंग नेवर स्टॉप्स और विंटर के सीजन के दौरान इसुजु ग्राहकों को सक्रिय सर्विस और स्वामित्व अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसुजु केयर की एक पहल, विंटर कैम्प 18 से 23 दिसंबर के बीच सभी इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जाएगा।

# आर्किटेक्चर एंड डिजाइन पर प्रदर्शनी का आयोजन



**रायपुर, 17 दिसम्बर।** डीएसआईएफडी इंस्टीट्यूट जहाँ फैशन डिजाइनिंग, इंटिरियर डिजाइनिंग, इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स होता है। डायरेक्टर राजेश बरलोटा एवम शेखर जैन ने बताया कि इवेंट ऑर्गेनाइजर इनोवेटिव इवेंट एंड एग्जिबिशन के द्वारा इवेंट एक्सपो इमारत (ए स्टाइल टू डेकोर) तीन दिवसीय आर्किटेक्चर एंड डिजाइन एग्जिबिशन का रायपुर शहर विधान सभा रोड में स्थित श्री राम बिजनेसपार्क में आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय एग्जिबिशन में डीएसआईएफडी रायपुर के इंटीरियर डिजाइनिंग के सभी स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। इस तीन दिवसीय इवेंट में डीएसआईएफडी रायपुर के इंटीरियर डिजाइजनिंग की टीचर्स निधि चांडक एवम दर्शिता जेठवानी एवम डीएसआईएफडी रायपुर के इंटीरियर डिजाइनिंग के स्टूडेंटस रितिका साहू, आकांक्षा दीवान, श्रृष्टि चंद्राकर, आयुषी गोयल, निशा पंजवानी, रौनक राजपाल, नेहा धनवानी, वंशिता कृष्णानी,महक जैन, विशाल मेहर,क्षमा निधि सेन,सिल्की शर्मा, समीर लालवानी, खुशी जैन,भूमिका अग्रवाल सभी उपस्थित रहे। इन तीन दिवसीय एग्जिबिशन इवेंट में बहुत से लीडिंग ब्रांड्स, ग्राउंड ब्रेकिंग प्रोडक्ट्स आयोजित किए गए एवम इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स भी उपस्थित रहे ।इस एग्जिबिशन इवेंट में बहुत सारे प्रोडक्ट डिसप्ले किए गए जिसमे बिल्डिंग मैटेरियल, होम डेकोर, फर्निशिंग, इंटीरियर एवम एक्सटीरियर प्रोडक्ट उपलब्ध थे। इस एग्जिबिशन इवेंट का आयोजन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक सक्सेसफुली आयोजित किया गया। संस्था के छात्रो एवं टीचर द्वारा इस एक्सपो में स्टाल लगाया गया था, जहाँ छात्रो के द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडल को प्रदर्शित किया गया था, जिसे देखकर सभी प्रभावित थे, भविष्य में आयोजित होने वाले अन्य आयोजन में भी छात्र हिस्सा लेंगे ।

### युवाओं ने दिखाई पुस्तकों के प्रति रुचि



**रायपुर, 17 दिसम्बर।** शहर में चार दिवसीय पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में युवा अपनी पसंदीदा पुस्तक खोजने आए युवाओं में धर्म और आध्यात्मिक के प्रति रुचि दिखाई। स्वामी विवेकानंद, रामचंद्र परमहंस, ओशो आदि के जीवन पर लिखी गई पुस्तक युवा खास तौर पर पसंद किए। इसके अलावा रामचरितमानस जैसी किताबें भी युवाओं की पहली पसंद बनी रही। पुस्तक मेले के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन राहुल पांडे ने बताया कि पुस्तक मेले लोड द बॉक्स का आयोजन शहर के . होटल महेंद्र, जेल रोड कचहरी चौक रायपुर में किया गया। इस पुस्तक मेले में शहर के साहित्यकारों, पुस्तक प्रेमियों छात्रों और अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। छोटे बच्चों के लिए भी पुस्तक मेले में काफी कुछ पठनीय सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। ताकि वे मोबाइल की दुनिया से बाहर आकर किताबों की दुनिया को जी सकें। समय के साथ लोग किताबों की दुनिया से दूर होकर मोबाइल के जंजाल में उलझते जा रहे हैं। जबकि पुस्तक न केवल ज्ञान वर्धन करती है बल्कि मन को सुकून भी देती है। ऐसे ही लोगों को किताबों की दुनिया में वापस लाने का मकसद इस मेले का है। पुस्तक मेले में किस्से, कहानी, कविता, कुकिंग, साहित्य, फेंटेसी, बाल साहित्य आदि तमाम विषयों की हजारों पुस्तक प्रदर्शित की गई। बेस्ट सेलर बुक और जाने-माने लेखको की मोटिवेशनल किताबें भी पुस्तक का ख़ास आकर्षण था। इसके अलावा भगत सिंह वीर सावरकर जैसे महापुरुषों की जीवनिया भी युवा काफी पसंद कर रहे हैं। राहुल पांडे ने बताया कि युवाओं में इन पुस्तकों के प्रति रूचि एक सुकून देता है। युवा अपने इतिहास के बारे में बारीकी से जानना चाहते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23